जाम की समस्या । करोलबाग के लिए लंबे समय से पार्किंग समस्या बनी हुई है। शास्त्री पार्क में मल्टी-लेवल पार्किंग प्रॉजेक्ट दशकों से अटका पड़ा है। 500 से ज्यादा गाड़ियों की क्षमता वाला यह प्रॉजेक्ट अगर पूरा हो जाता तो स्थिति बेहतर होती। अभी ट्रैफिक जाम की वजह से लोग यहां आने से बचने लगे हैं।

बंटवारे का इतिहास । देश के बंटवारे तक करोलबाग झाड़ियों और जंगली घास से भरा हुआ इलाका था। यहां आबादी का बड़ा हिस्सा मुसलमानों का था। पाकिस्तानी क्रिकेटर सिकंदर बख्त की फैमिली भी यहीं रहती थी। बंटवारे के बाद करोलबाग की किस्मत बदल गई। पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को यहां शरण मिली। मुसलमान इधर से चले गए और उनके घरों में शरणार्थी बस गए। इन्हीं शरणार्थियों में महाशय धर्मपाल गुलाटी भी थे, जो बाद में MDH मसालों के संस्थापक बने।

समावेशी संस्कृति । करोलबाग का मूल स्वभाव हमेशा समावेशी रहा। यहां दक्षिण भारतीय रेस्तरां भी कई थे। अमृता प्रीतम, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह, महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह जैसे पंजाबी साहित्य के बड़े हस्ताक्षर साउथ इंडियन कॉफी हाउस में बैठकर बहस करते। हरनाम सिंह के साथ गुलजार भी करोलबाग में रहते थे।

नई शुरुआत । करोलबाग की बहुत-सी नामवर दुकानों की जगह बड़े ब्रैंड्स ने ले ली है, लेकिन यह इलाका सिर्फ शॉपिंग डेस्टिनेशन नहीं, इतिहास की जीती-जागती किताब है। यहां विभाजन के दर्द, हिम्मत और नई शुरुआत की कहानियां बिखरी पड़ी हैं। राजेश वाच्छर जैसे बुजुर्गों से सुना है कि यहीं आर.के. धवन कंघियां बेचा करते थे, जो बाद में देश के सबसे प्रभावशाली लोगों में शुमार हुए। आर्य समाज रोड पर मॉरीशस के राष्ट्रपति अनिरुद्ध जगन्नाथ भी बार-बार अपने समधी के घर आया करते थे। अब वक्त आ गया है कि करोलबाग को उसकी पुरानी रौनक वापस दिलाई जाए।

सुबह की मीठी नींद आपको कहीं आलसी तो नहीं बना रही

विनोद कुमार यादव

गर्मी की छुट्टियां बच्चों और उनके पैरंट्स के लिए आराम व मनोरंजन का समय मानी जाती हैं, लेकिन यही समय जीवन को नई दिशा देने का अवसर बन सकता है। छुट्टियों में कई लोग अपनी दिनचर्या को अधिक अनुशासित बनाने का संकल्प लेते हैं। सुबह जल्दी उठने, व्यायाम करने, पढ़ने और स्वयं को बेहतर बनाने की योजनाएं बनाई जाती हैं। अलार्म भी लगाया जाता है, उत्साह भी रहता है, लेकिन जैसे ही सुबह की मीठी नींद और आराम सामने आता है, मन बहाने बनाने लगता है, 'आज नहीं, कल।' यही वह क्षण होता है, जब मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु सामने आता है - आलस्य।सुखद और सफल जीवन की राह में तीन बड़ी बाधाएं हैं - असावधानी, अभिमान और आलस्य। असावधानी थोड़ी सतर्कता से दूर हो जाती है और अभिमान समझदारी आने पर समाप्त हो जाता है, लेकिन आलस्य सबसे खतरनाक बाधा है। यह धीरे-धीरे मनुष्य की ऊर्जा, मेहनत करने की इच्छा और आगे बढ़ने के संकल्प को कमजोर कर देता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जब कोई विद्यार्थी पुस्तक लेकर पढ़ने बैठता है, तो कुछ समय बाद उसका मन भटकने लगता है और नींद आंखों पर हावी हो जाती है। इसी तरह, जो व्यक्ति सुबह व्यायाम करना तय करता है, वह अलार्म बजने पर थोड़ी देर और सोने का बहाना ढूंढ़ लेता है। यही 'थोड़ी देर' कई बार घंटों में बदल जाती है और अच्छे संकल्प अधूरे रह जाते हैं।

आलस्य का सबसे बड़ा साथी बहानेबाजी है। आलसी व्यक्ति काम टालता है और असफलता के लिए तरह-तरह के तर्क देता है। धीरे-धीरे वह पुरुषार्थ छोड़कर भाग्य के भरोसे जीने लगता है। सत्य यही है कि सफलता, अच्छा स्वास्थ्य और आत्मिक उन्नति केवल उन्हीं को मिलती है, जो आलस्य पर विजय पाकर अनुशासन और कर्म को अपनाते हैं। स्वामी विवेकानंद के परिव्राजक जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। यात्रा के दौरान जब भूख, प्यास या शारीरिक कमजोरी उन्हें थका देती थी, तब वह थोड़ी देर विश्राम के बाद फिर उठ खड़े होते थे। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने संकल्प को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया।

भोजशाला के सच पर अदालत ने लगाई मुहर

लंबे विवाद, पुरातत्व सर्वेक्षण और कानूनी सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने माना कि धार की भोजशाला राजा भोज द्वारा निर्मित संस्कृत पाठशाला और मंदिर है। अदालत ने वहां हिंदुओं को पूजा का अधिकार दिया। लेकिन, कोर्ट के इस फैसले पर कांग्रेस नेताओं और वामपंथी इतिहासकारों ने सवाल खड़े किए हैं।

शुभम केवलिया

गलत दावा । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह ASI का संरक्षित स्मारक है, इसीलिए यहां पूजा नहीं की जा सकती। हालांकि 1958 के प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम (AMASR Act) में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। कानून में स्मारक को नुकसान नहीं पहुंचने की बात कही गई है। देश के कई संरक्षित स्मारकों में आज भी पूजा-अर्चना की जाती है। विश्व धरोहर में शामिल बृहदेश्वर मंदिर भी इसका उदाहरण है।

बॉम्बे गजेटियर में उल्लेख । भोजशाला विवाद से जुड़े सभी दस्तावेज में 1896 में प्रकाशित बंबई गजेटियर का खास महत्व है। इसमें यह उल्लेख किया गया है कि धार में मौजूद मस्जिद उसी स्थान पर बनी है, जहां कभी परमार शासक राजा भोज ने संस्कृत पाठशाला बनवाई थी। गजेटियर में यह भी लिखा है कि राजा भोज के बाद उनके वंशज नरवर्मन समेत अन्य शासकों ने इस विद्यालय की देखभाल की। दस्तावेज में एक कुएं का भी जिक्र है, जिसे तब सरस्वती कुआं या अक्ल कुआं कहा जाता था। किंवदंती है कि इसका पानी पीने से बुद्धि बढ़ती है। इस मान्यता से स्पष्ट होता है कि भले ही वहां मस्जिद निर्मित कर दी गई, मगर 1896 तक वहां संस्कृत विद्यालय ही था।

अभिलेख में दर्ज । भोजशाला विवाद में पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। विभाग द्वारा प्रकाशित कॉर्पस इंस्क्रिप्शन इंडीकेरम-7 (परमार अभिलेख) में उल्लेख है कि मौजूदा मस्जिद राजा भोज द्वारा बनवाए गए संस्कृत विद्यालय का परिवर्तित स्वरूप है। इस विवाद में केके लेले जैसे पुराविद की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने 1903 के अपने सर्वेक्षण के आधार पर इस स्थान को विद्यालय या मंदिर बताया था।

पुरानी रिपोर्ट । कुछ इतिहासकारों का आरोप है कि ASI विभाग सरकार के प्रभाव में काम करता है। मगर 1984-85 में प्रकाशित विभागीय रिपोर्ट में भोजशाला को मूल रूप से देवी सरस्वती का हिंदू मंदिर बताया गया था, जिसका निर्माण 11वीं शताब्दी में राजा भोज ने करवाया था। रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख है कि मौजूदा मस्जिद के उत्तर और पश्चिम भाग में मंदिर के अवशेष आज भी मौजूद हैं। खास बात यह है कि उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। यदि विभाग केवल सरकार के निर्देशों पर काम करता, तो उस दौर में भोजशाला को मंदिर नहीं बताया जाता। अंग्रेजों के समय से लेकर आज तक उपलब्ध कई दस्तावेजों और रिपोर्ट में यही उल्लेख मिलता है कि वहां राजा भोज की संस्कृत पाठशाला और सरस्वती मंदिर था, जिसका बाद में स्वरूप बदला गया। अदालत का फैसला भी इन्हीं पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर दिया गया है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य हैं)

रीडर्स मेल

अतिरिक्त बोझ

CBSE को तीन भाषा पढ़ाने का जो फॉर्म्युला 2031 से लागू करना था, वह इसी सत्र से 9वीं और 10वीं कक्षा से लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। बच्चे पहले ही सात-सात विषय का बोझ ढो रहे हैं। उन पर यह अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि तीसरी भाषा संस्कृत होगी जो लगभग चलन से बाहर है। दैनिक जीवन में इसका कितना इस्तेमाल होगा, यह देखने वाली बात होगी। यदि इसे लागू करना था, तो पहले इसकी तैयारी निचली कक्षा से होनी चाहिए थी।

गैलेक्सी धिगान, जीटीबी नगर

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित, आशीष पांडे द्वारा संपादित (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी) तथा मनीष सिन्हा द्वारा, **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, 13/1 & 2, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.)** से और नवनीत आहूजा द्वारा, प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर-11, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122051 से मुद्रित। फोन: 23302000, पंजीकृत कार्यालय: दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क: 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार: नेपाली 5 रु.; रविवार: नेपाली 6 रु.

प्रेरणा

किसी का प्यार पाकर ताकत मिलती है और किसी को प्यार देकर हिम्मत। - लाओ त्जू

संपादकीय

भीषण गर्मी में भी काम करने वालों के बारे में सोचें

केंद्र ने राज्यों को भीषण गर्मी के संकट की तैयारी करने की सलाह दी है यानी शेड, पानी, लू से बीमारों के लिए अस्पतालों में बंदोबस्त आदि। लेकिन यह सलाह बाध्यकारी नहीं है। मौसम विभाग ने सतर्क किया है कि अब हीट वेव अपने रौद्र रूप में होगी, जो मानसून काल में भी जारी रह सकती है। इसका कारण होगा दोनों वेदर पैटर्न्स- एल नीनो (जो मानसून कम करता है) और ला नीना (जो मानसून बढ़ाता है)- का हिन्द महासागर में प्रभाव-परिवर्तन। लू के लम्बे काल तक चलने का मतलब होगा खरीफ पर दुष्प्रभाव। असंगठित क्षेत्र के 48-50 करोड़ कामगारों में से भी कई करोड़ शहरों में रोजी कमाते हैं। नीति आयोग और आर्थिक सर्वे के अनुसार गिग वर्कर्स की संख्या 1.10 करोड़ है जबकि एक निजी आकलन के अनुसार मिश्रित-कर्मियों (जो इसके अलावा भी अन्य काम से आय बढ़ाते हैं) और अन्य फील्ड-सेवाओं में लगे कर्मियों को जोड़ लें तो गिग वर्कर्स 5-6 करोड़ हैं। बहरहाल गिग वर्कर्स की आय इनकी डिलीवरी एल्गोरिदम से जुड़ी होती है यानी इनके स्कूटर का पहिया जितना चलेगा, उतनी ही कमाई होगी। जरा सोचें, दोपहर में जब उपभोक्ता संस्कृति से प्रभावित सुविधाभोगी वर्ग एसी कमरों में भी ठंड से जूझने के लिए आइसक्रीम का आर्डर दे रहा होगा तो उसे पूरा करने के लिए स्कूटी-सवार ये कर्मी 45 डिग्री तामपान और लू के थपेड़ों के बीच डिलीवरी-दर-डिलीवरी भाग रहे होंगे। यही कारण है कि 18वें वित्त आयोग ने दो माह पहले सरकार से हीट वेव को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की सलाह दी थी।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

एक-दूसरे की देह का शोषण काम-ऊर्जा का दुरुपयोग है

अपराध वेश बदलने में बड़ा माहिर होता है। हर दौर में अपराध नई-नई शक्ल लेकर आता है। दार्शनिकों ने कहा है अपराध मिटता नहीं है, छुप जाता है और मौका मिलने पर सामने आ जाता है। आज राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। हमने एक पूर्व प्रधानमंत्री को इस दिन खोया था। आतंकवाद भी अपराध का एक चेहरा है। उस पर तो सरकार जैसे-तैसे काबू पा रही है, लेकिन इन दिनों एक नई शक्ल सामने आ रही है। किशोर और तरुण उम्र के युवक-युवती दैहिक अपराध में लिप्त हो रहे हैं। एक-दूसरे के शरीर का शोषण काम-ऊर्जा का दुरुपयोग है। स्त्रियों को पुरुषों से बराबरी करनी चाहिए, लेकिन पीड़ा तब हो रही है जब स्त्रियां अपराध के क्षेत्र में भी पुरुषों से बराबरी कर रही हैं। अब तो लड़कियां भी छात्रा के रूप में किसी और की परीक्षा दे देती हैं। ये शिक्षा जगत का बड़ा अपराध है। न्याय-व्यवस्था के भीतर भी द्वंद्व है इस बात को लेकर कि पॉक्सो में 90% केस ऐसे सामने आए, जिसमें युवती की स्वीकृति थी और बाद में उसे अपराध की शक्ल दी गई। ये लक्षण देश के दिव्य देह-स्वरूप पर कोढ़ की तरह हैं। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

संघर्ष को उपमाएं

बनाऊंगा चींटियों को अपना आदर्श
लगाऊंगा दौड़ गदहों से
क्षितिज के अंतिम छोर तक।
ढूंढकर मारूंगा उस सांप को
जिसने पिया है मेरे हिस्से का अमरत्व।

अपनी कहानी में
खुद को बनाऊंगा एक पंछी
रोज खिलाऊंगा
किसी कौवे को भरपेट खाना
और जतन से बचाऊंगा
संसार में प्रेम।

मैं भी उठाऊंगा बोझ
कांधे पर,
चढ़ूंगा आकाश
डाकूंगा बचा हुआ जीवन
अंत में घोषित करूंगा
अपना नैराश्य।
और अपने संघर्ष को दूंगा
अपनी उपमाएं।

-अमन त्रिपाठी, प्रतापगढ़
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

महिला कानूनों का सख्ती से पालन हो

कड़े कानूनों के बावजूद भी महिला उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लचीली कानून व्यवस्था, पुलिस का उदासीन रवैया, कम सजा दर और फास्ट ट्रैक अदालतों का अभाव इसके प्रमुख कारण हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। - प्रकाश भगत, चांदपुरा, राजस्थान

विभागीय स्तर पर हों कार्य

हर साल राज्यों में विभागीय परियोजनाओं से जुड़ा बजट खर्च के अभाव में लैप्स होने के समाचार आते हैं। विभागीय अधिकारी सभी परियोजना कार्यों को अपने स्तर पर कराएं तो इनमें विलंब की गुंजाइश कम होगी। ठेकेदारों से सिर्फ श्रमिक, मशीनरी, वाहन किराए पर लिए जा सकते हैं। - मुकेश चौधरी, ईमेल पर

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

क्या आप जानते हैं

'2 अफ्रीका' है सबसे लंबी अंडर-सी केबल

'2 अफ्रीका' केबल दुनिया में समुद्र के नीचे बिछाया गया सबसे लंबा फाइबर ऑप्टिक केबल नेटवर्क है। यह केबल अपने 46 लैंडिंग स्टेशनों के जरिए भारत समेत एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 33 देशों को आपस में जोड़ती है और उनमें हाई-स्पीड इंटरनेट मुहैया कराती है। दुनिया की 8 दिग्गज टेक कंपनियों ने इसे स्थापित किया है।
45000 किलोमीटर है '2अफ्रीका' केबल की लंबाई।

बामुलाहिजा • भारत के खिलाफ हर युद्ध में हारने के बावजूद पाकिस्तान जीत का दावा करता रहा है...

पाक की नियति बन चुकी है भुलावे में रहना

युद्धनीति

शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
@ShekharGupta

भारत के साथ पाकिस्तान के युद्ध का इतिहास कैसा रहा है? सामरिक रूप से ठीक, लेकिन रणनीतिक रूप से नुकसानदायक। यही वजह है कि वह पूरी ताकत से शुरुआत करने के बावजूद हर युद्ध हारता है। लेकिन 1971 और कारगिल युद्ध को छोड़कर उसने ज्यादातर युद्धों में जीत का दावा किया है।

गत वर्ष की 87 घंटे की मुठभेड़ को ही देख लीजिए। मुनीर से लेकर पाकिस्तान की राजनीति के सबसे निचले स्तर तक पूरा पाकिस्तान मानता है कि इस बार जीत उसकी हुई; कि इसके बाद अमेरिका ने उसे फिर गले लगाया और इसे उसकी खुद की घोषित 'जीत' की मंजूरी माना गया। जबकि हकीकत यह है कि पहलगाम हत्याकांड के सिर्फ चार दिन पहले और ऑपरेशन सिंदूर के करीब दो हफ्ते पहले स्टीव विटकॉफ के बेटे जाक का दौरा और क्रिप्टो सौदा हो चुका था।

मुनीर को मालूम था कि भारत पहलगाम का जवाब देगा। इसलिए उन्होंने ट्रम्प परिवार के लालच का फायदा उठाने की चाल पहले ही तैयार कर ली थी। दुनिया में अधिकतर लोगों से पहले इस बात को समझने के लिए आप मुनीर की तारीफ कर सकते हैं या हो सकता है कि सऊदी अरब ने उन्हें पहले ही सावधान कर दिया हो।

लड़ाई शुरू होने से पहले ही उन्होंने ट्रम्प के 'सिस्टम' को अपने पक्ष में कर लिया था। एक हफ्ते पहले, 16 अप्रैल 2025 को विदेश में बसे पाकिस्तानियों को दिए उनके भाषण ने इसका संकेत दे दिया था। वह हत्याकांड भारत की जवाबी कार्रवाई देखने की उनकी योजना का हिस्सा था। ट्रम्प को अपने पक्ष में लाकर कश्मीर मुद्दे को उठाना उनका रणनीतिक लक्ष्य था। पहली चाल सफल रही, लेकिन दूसरी पूरी तरह नाकाम रही।

पाकिस्तान ने यह जानते हुए भारत को उकसाया था कि भारत जवाब में सैन्य कार्रवाई करेगा, इसलिए उसने यह भी अंदाजा लगाया होगा कि किन जगहों को निशाना बनाया जाएगा। वे यह भी जानते थे कि भारत कौन से हथियार इस्तेमाल करेगा। इसलिए भारतीय वायुसेना ने 7 मई की रात 1 बजकर 7 मिनट पर जब उड़ान भरी, तब वे तैयार थे। अपने अंदरूनी इलाकों में निशानों पर हमलों को वे रोक नहीं पाए, लेकिन यह उनका मकसद भी नहीं था। वे जवाब को हवाई मुठभेड़ तक सीमित रखना चाहते थे। एईडब्ल्यू विमानों और जे-10सी, जेएफ-17 के साथ पीएल-15 मिसाइलों को आगे रखकर इस कार्रवाई का पहले से अभ्यास किया गया था। उन्हें कुछ सफलता मिली और वे इसका जश्न मना रहे थे। भारत में उच्च स्तर पर कुछ विमानों के नुकसान की बात मानी गई है। पूर्व सीडीएस ने इसे 'सामरिक गलती' बताया, लेकिन आईएएफ ने हिसाब बराबर करने की योजना बनाई।

सबसे पहले पाकिस्तान के एयर डिफेंस को दबाव में लाने के लिए एंटी-रेडिएशन ड्रोनों से हमला किया गया। और आखिर में पीएएफ के सबसे सुरक्षित हवाई अड्डों पर लगातार हवाई हमले किए गए। पीएएफ का कोई भी विमान, या कितनी भी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्यों न हो, जवाब देने के लिए उड़ान नहीं भर सकी।

जब तक पाकिस्तान ने संघर्षविराम की मांग की, तब तक सिर्फ एक पक्ष के पास सबूत थे कि दूसरे पक्ष को कितना नुकसान हुआ है : व्यावसायिक उपग्रहों से मिली तस्वीरें बता रही थीं कि पीएएफ के कम-से-कम 13 हवाई अड्डे और तीन रडार नष्ट हो चुके थे। इसके बावजूद पाकिस्तान अपनी जीत का जश्न मना रहा है। एक भारतीय कमांडर ने कहा यह ऐसा ही था, जैसे भारत ने पाकिस्तान को हॉकी मैच में 3-1 से हरा दिया हो। बात इतनी थी कि उनके सेंटर फॉरवर्ड ने गोल किया और हमारे खिलाड़ियों ने तीन पेनल्टी को गोल में बदल दिया।

हमें नुकसान पहुंचाने के उनके दावों का कोई सबूत नहीं है। भारत के सभी हवाई अड्डों के पास शहर बसे हुए हैं, कुछ भी छिपा नहीं है, लेकिन कोई उपग्रह तस्वीर सामने नहीं आई है। पाकिस्तान के सभी दावे बेकार हैं। बहरहाल, यहां मैं हाल के इतिहास को दोहराने की कोशिश नहीं कर रहा हूं, बल्कि अपनी मुख्य बात पर जोर दे रहा हूं। वह यह है कि पाकिस्तानी फौजी दिमाग अच्छी तरह सोचता है, लेकिन सिर्फ सामरिक चालों के हिसाब से सोचता है। वह यह अंदाजा नहीं लगा पाता कि भारत किस तरह जवाब देगा। यह अंदरूनी कमजोरी, भारतीय सेना के प्रति अनादर या दोनों का मेल हो सकता है। यह विचार भी हमें पाकिस्तानी लेखक शुजा नवाज की किताब क्रॉस्ड सोर्ड्स से मिला है।

कारगिल युद्ध की बात करते हुए उन्होंने लिखा है कि भारत के साथ 'वार गेम' खेल रही पाकिस्तानी टीम ने बिल्कुल सही अनुमान लगाया था कि वाजपेयी सरकार किस तरह जवाब देगी। अगर उसे गंभीरता से लिया जाता, तो पाकिस्तान हार, पीछे हटने और बेइज्जती से बच सकता था, लेकिन उसका मजाक उड़ाया गया। सामरिक दृष्टि से कारगिल युद्ध शानदार था। धोखा, योजना, गोपनीयता, इलाके का चुनाव और जगह का महत्व, हर लिहाज से शानदार। लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो..., भारत ने अगर मुकाबला किया तो? इसके लिए रणनीतिक सोच चाहिए, जिसकी पाकिस्तान में कमी है।

कारगिल इसलिए रणनीतिक हार साबित हुई, क्योंकि इसने नियंत्रण रेखा की वैश्विक मान्यता को मजबूत कर दिया। इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर थोड़ी देर रुकते हुए बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान को कैमरे पर कहा था कि इस उपमहाद्वीप के नक्शे पर खींची गई सीमाओं को अब खून से नहीं बदला जा सकता। यह कहानी पहले भी पुरानी लड़ाइयों में दोहराई जा चुकी है। 1965 में छंब पर कब्जा करने के लिए ऑपरेशन जिब्राल्टर और इसके बाद अखनूर पर कब्जा करने के लिए ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम चलाया गया, ताकि कश्मीर को भारत से काट दिया जाए। पाकिस्तानी सेना ने यह सोच लिया कि भारत कश्मीर छोड़ देगा और भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई पर ठीक से विचार नहीं किया गया। उसी युद्ध में खेमकरण में टैंकों से किया गया अप्रत्याशित हमला इस उपमहाद्वीप के सबसे साहसी हमलों में गिना जाता है। उस युद्ध की सबसे बड़ी लड़ाई पाकिस्तान की हार और उसके बेहतरीन टैंकों के नष्ट होने की थी। पाकिस्तान ने उस युद्ध में भी अपनी जीत का दावा किया था, लेकिन विडंबना यह है कि वह 6 सितंबर को 'डिफेंस ऑफ पाकिस्तान डे' के रूप में मनाता है!

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इतिहास का सबक है...

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान ने गलत सबक लिया है। ऐसे में हमें पाकिस्तान की अगली उकसाने वाली कार्रवाई का अंदाजा पहले ही लगाना होगा। इतिहास बताता है कि जब पाकिस्तानी सत्ता ऐसी स्थिति में पहुंचती है, तब वह सबसे खराब, और खुद को ही नुकसान पहुंचाने वाले रणनीतिक फैसले करती है।

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

दूरदृष्टि • अमेरिका और चीन में तालमेल जरूरी

दुनिया की दो महाशक्तियों को साथ काम करना होगा

भू-राजनीति

पिनेलोपी गोल्डबर्ग
वर्ल्ड बैंक की पूर्व चीफ इकोनॉमिस्ट और येल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

बीजिंग में डोनाल्ड ट्रम्प और शी जिनपिंग के बीच हुई समिट में भले ही टैरिफ, ताइवान या ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर कोई निर्णायक चर्चा नहीं हुई हो, फिर भी जिस संयमित और सौहार्दपूर्ण तरीके से वह शिखर-वार्ता सम्पन्न हुई, उसने एक नए, व्यावहारिक दृष्टिकोण का संकेत दिया। इसने बताया कि दोनों महाशक्तियों को अब एक-दूसरे पर गहरी आर्थिक निर्भरता को स्वीकार करना होगा। यह तो स्पष्ट था कि बीजिंग में अमेरिकी और चीनी राष्ट्रपति द्विपक्षीय संबंधों को केवल भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चश्मे से नहीं देख रहे थे।

अगर अमेरिका चीन को एक ताकतवर आर्थिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्वीकार करता है तो इसका मतलब अपने रसूख को कम करना नहीं, बल्कि वास्तविकता का एहसास है। चीन के उदय पर अमेरिका में होने वाली बहसें वर्षों से एक सुपरिचित पैटर्न का पालन करती रही हैं : पहले तो वे इससे इनकार करते हैं, फिर इस पर नाराजी जताते हैं, और फिर अंततः इसे मान बैठते हैं। दोहरे अंकों वाली आर्थिक वृद्धि के युग के दौरान कई अमेरिकी विश्लेषकों ने आधिकारिक चीनी आंकड़ों को अविश्वसनीय या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया हुआ बताकर खारिज कर दिया था। लेकिन जैसे-जैसे चीन के आर्थिक चमत्कार की अनदेखी करना मुश्किल होता गया, उसकी सफलता का श्रेय उसकी औद्योगिक नीति, बौद्धिक सम्पदा की चोरी और मुद्रा में हेरफेर जैसे अनुचित तौर-तरीकों को दिया जाने लगा।

लेकिन अब उन नैरेटिव को बनाए रखना मुश्किल है, क्योंकि चीन कई रणनीतिक उद्योगों में तकनीकी उत्कर्ष तक पहुंच गया है। सबसे खास बात यह है कि चीनी ईवी निर्माता कम लागत वाले मॉडलों से लेकर तेजी से परिष्कृत प्रीमियम ब्रांडों तक- बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के रूप में उभरे हैं। दवाइयों के क्षेत्र में चीनी फर्में इनोवेटिव हो गई हैं। सेमीकंडक्टर में भी चीन ने एडवांस्ड-चिप्स के उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति की है, हालांकि यह अभी भी टीएसएमसी से पीछे है। ऐसे में चीन की तकनीकी प्रगति को नकारने या उसकी राह में अड़ंगे डालने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अमेरिका को स्वीकार करना चाहिए कि चीनी प्रतिस्पर्धा अब स्थायी रूप से बनी रहने वाली है और आर्थिक सह-अस्तित्व तथा सीमित सहयोग के लिए ढांचे स्थापित करने चाहिए।

ट्रम्प के साथ बीजिंग गए प्रमुख अमेरिकी सीईओ और बिजनेस-लीडर्स ने भी इस संदेश पर जोर दिया कि पूरी तरह से अलग-थलग हो जाना न तो यथार्थवादी होगा और न ही वांछनीय। एक अधिक संभावित मार्ग उस पारस्परिक निर्भरता में है, जो चुनिंदा क्षेत्रों में जारी रहनी चाहिए। शी ने अपनी ओर से थ्यूसीडाइड्स ट्रैप का हवाला देकर द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित किया है। यह शब्द राजनीतिक वैज्ञानिक ग्राहम एलिसन ने उस संघर्ष के खतरे को बताने के लिए गढ़ा था, जिसमें एक उभरती हुई ताकत किसी स्थापित शक्ति को बेदखल करने की चुनौती देती है।

आज अमेरिका और चीन एक जैसी ही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं : तीव्र तकनीकी परिवर्तन, एआई, वित्तीय अस्थिरता, सामाजिक विषमता और जलवायु परिवर्तन। इनके समाधान भी उन्हें साथ मिलकर ही खोजने होंगे।

लेकिन अमेरिका के सामने मौजूद कई चुनौतियों के बावजूद उसे एक क्षीण होती ताकत के रूप में बताना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। अमेरिका आज भी इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप का दुनिया का अग्रणी केंद्र बना हुआ है, जिसने कंप्यूटिंग और इंटरनेट से लेकर स्मार्टफोन और एआई तक- पिछले सदी की कई परिवर्तनकारी टेक्नोलॉजी का उत्पादन किया है। कोई भी अन्य देश अमेरिका के वैज्ञानिक नेतृत्व, पूंजी बाजार, उद्यमी संस्कृति और संस्थागत लचीलेपन के संयोजन का मुकाबला नहीं कर सकता। जैसा कि अरबपति निवेशक वॉरेन बफे ने एक बार कहा था, 1776 के बाद से अमेरिका के खिलाफ दांव लगाकर कोई भी कभी सफल नहीं हुआ है। ऐसे में दुनिया को दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी।

(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

आधी आबादी • महिलाओं के लिए 'पिंक टिकट'

स्त्रियों के लिए फ्री बस टिकट चैरिटी नहीं, एक जरूरत है...

फेमिनिज्म

मेघना पंत
पुरस्कृत लेखिका, पत्रकार-वक्ता
meghnapant@yahoo.com

शाम होते ही भारत में बस स्टॉप पर खड़ी कोई महिला बस के रूट नंबर से पहले आसमान की ओर झांकने लगती है। इसलिए नहीं कि उसे बारिश की चिंता है, बल्कि इसलिए कि अंधेरे में यहां महिलाओं के लिए हर चीज के मायने बदल जाते हैं। रात को बाहर निकले किसी पुरुष को यहां यात्रा करने वाला एक आम इंसान माना जाता है, लेकिन सूरज ढलने के बाद कोई महिला बाहर निकले तो सवाल उठने लगते हैं। कहां जा रही है? अकेली क्यों है? कौन इंतजार कर रहा है?

इसीलिए बंगाल में हाल ही शुरू की गई महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा के प्रावधान वाली योजनाएं अहम हैं। इनकी अहमियत इसलिए नहीं है कि बस का टिकट महंगा होता है, बल्कि इसलिए है कि भारत में महिलाओं के लिए बाहर निकलना आवाजाही की जरूरत से ज्यादा एक भावनात्मक विषय होता है। और यों देखें तो महज 40 रुपए भी लाखों महिलाओं के लिए कर्ज और सम्मान के बीच का फर्क हो सकते हैं।

कोई महिला घर से बाहर महज काम पर जाने के लिए ही नहीं निकलती। वह आत्मनिर्भरता और सम्भावनाओं की ओर भी जा रही हो सकती है। वह बिना किसी की इजाजत दुनिया में अपने अस्तित्व के अधिकार की ओर बढ़ रही हो सकती है। सम्भव है वह शहरभर में दो बसें बदलकर अपनी आर्थराइटिस से पीड़ित मां की देखभाल करने जा रही हो। सम्भवतः शादी के बाद छोड़ दिए गए किसी पाठ्यक्रम में उसका फिर दाखिला हो गया हो। या फिर शायद वो बेहतर कमाई वाली नौकरी के लिए यात्रा कर रही हो। या फिर किसी एब्यूसिव पति से दूर शांति से कुछ घड़ी बिताने अपनी बहन के यहां जा रही हो। और यह भी हो सकता है कि वह ऑफिस के बाद बस चंद पलों के सुकून के लिए समुद्र किनारे बैठ गई हो, क्योंकि घर लौटने पर सिंक भर कर बर्तन तो उसका इंतजार कर ही रहे हैं, जो उसका बिना वेतन वाला काम है।

खैर, बहुतेरे पुरुषों को यह बात समझ नहीं आती, क्योंकि भारत में सार्वजनिक जगहें हमेशा से उन्हीं की मानी गई हैं। आप हर जगह ऐसा देख सकते हैं। वे पूरे फुटपाथ पर वाहन पार्क कर देते हैं। जहां महिलाएं बच्चों की प्राम लेकर चलती हैं, वहां वे बाइक चलाते हैं। शहरों की दीवारों को तो उनमें से कइयों ने अपनी सुविधा के लिए बनाए पब्लिक टॉयलेट मान ही लिया है। सड़कों, रेलवे स्टेशनों, सीढ़ियों और कोनों में वे अमूमन बिना किसी हिचकिचाहट थूकते-पीकते दिखलाई दे सकते हैं। सार्वजनिक जगहों पर हर तरफ आपको पुरुषों की मौजूदगी के निशान मिलेंगे- बुलंद, बिना किसी संकोच और सवाल के। वहीं महिलाओं को सिखाया जाता है कि खुद को सीमित रखो, आंख मिलाने से बचो, अंधेरा होने से पहले घर लौट आओ।

मुंबई जैसे कुछ शहरों को छोड़ दें- जहां सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं की मौजूदगी अपेक्षाकृत सामान्य मानी जाती है- तो आज भी भारत के ज्यादातर शहर शाम छह-सात बजे बाद महिलाओं से खाली होने लगते हैं- अगर उनके साथ कोई पुरुष नहीं है तो। रात को अकेली महिला आज भी असामान्य, या उससे भी बदतर, एक निमंत्रण के जैसी मानी जाती है।

इसलिए जब सरकारें महिलाओं के लिए 'पिंक टिकट' यानी फ्री बस यात्रा जैसी योजनाएं शुरू करती हैं तो यह चैरिटी नहीं होती। यह फ्रीबी नहीं है। यह छोटा, किन्तु क्रान्तिकारी ऐलान है कि महिलाओं को भी आवाजाही का अधिकार है। उन्हें शहरों में रहने और नजर आने का हक है। लेकिन सुरक्षा सिर्फ टिकट तक ही सीमित नहीं हो सकती। पर्याप्त रोशनी वाले बस स्टॉप, सीसीटीवी, महिला कंडक्टर, सुरक्षाकर्मी, पैनिक बटन और अंतिम छोर तक भरोसेमंद कनेक्टिविटी भी चाहिए। क्योंकि अकसर किसी महिला के लिए सबसे जोखिमभरा सफर बस स्टॉप से अकेले घर तक जाना होता है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

किसी शहर की प्रगति इस पर निर्भर करती है कि वहां महिलाएं बिना किसी डर के घूमने-फिरने के लिए कितनी आजाद हैं। इसीलिए बहुत-सी महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा जैसी योजनाएं भावनात्मक जुड़ाव वाली होती हैं।

डिफ्रेंट एंगल • मितव्ययिता से जीना कोई कमजोरी नहीं और भौतिकता से कुछ दूरी बनाना भी अज्ञानता नहीं...

क्या यह संकट बीतने के बाद भी हम सादगी का सबक याद रखेंगे?

किफायत

नन्दितेश निलय
वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक
nanditeshnilay@gmail.com

ऊर्जा संकट के बीच देश में विभिन्न क्षेत्रों के लीडर्स अपनी बड़ी कारों और उसके काफिले को छोड़ साइकिल या पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर सवारी करते दिखे। 1970 के दशक के दौरान भी वह दौर आया था, जब तेल संकट के बीच संसार के कई देशों में परिवहन व्यस्था में बदलाव आया। तब नीदरलैंड, डेनमार्क और यूरोप के कई देशों में साइकिल-लेन का विस्तार किया गया और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई। भारत में भी अब प्रधानमंत्री ने नागरिकों से पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल कम करने, मेट्रो और बसों का उपयोग करने या साइकिल चलाने का आग्रह किया है।

लेकिन यह बदलाव सिर्फ थोड़े समय के लिए है या यह भविष्य में इस देश का परिवहन-व्यवहार भी बन जाएगा? यह जो वीआईपी कल्चर है और जो गाड़ियों के काफिले धूल उड़ाते भागते हैं, क्या उनकी गति कुछ धीमी हो पाएगी? आखिर हमें मानना पड़ेगा कि वो सारे लोग जो अभी तक बड़ी-बड़ी गाड़ियों में चलते रहे, उन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट को उपयोग में लाने से कोई गुरेज नहीं और न ही अपने प्राइवेट जेट को छोड़ आम उड़ान भरने से। यह कितना संतोषजनक होगा कि खास लोग भी आम लोगों की तरह घर से ऑफिस का सफर कर सकते हों और उन्हें किसी तरह का विशिष्टता-बोध नहीं हो।

लेकिन जिस दिन युद्ध रुकेगा, जिस दिन होर्मुज जहाजों को हंसते-हंसते विदा करेगा, क्या उसके बाद भी सफर का साधन वही साइकिल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट रहेगा? क्या 'ऑस्टेरिटी' (मितव्ययिता) एक तात्कालिक बदलाव का ही पहलू नहीं बनेगा, बल्कि वह जीवन जीने का आचरण भी बन पाएगा? ऑस्टेरिटी को दो अर्थों में समझा जाता है- पहला जीवन-शैली के रूप में और दूसरा आर्थिक नीति के अर्थ में। जीवन-शैली के रूप में ऑस्टेरिटी का अर्थ हिंदी में सादगी, तपस्या, संयम और कठोरता जैसे गुण हैं। यानी भौतिक सुखों, फिजूल के खर्च और जरूरत से ज्यादा आराम को छोड़कर सादा जीवन जीना। आर्थिक संदर्भ में अगर हम देखें तो ऑस्टेरिटी का तात्पर्य यह है कि खर्च कम किया जाए और जो खर्च कर रहे हैं, उनमें भी कटौती की गुंजाइश रहे। लेकिन युद्ध के समाप्त होने के बाद ऑस्टेरिटी का कौन-सा अर्थ समाज में प्रासंगिक रह जाएगा? क्या हम जीवन को सादगी से जीने की कोशिश करेंगे और अपनी आदतों में अत्यधिक भौतिक सुखों और खर्चों से बचेंगे?

खैर, कोई भी संकट सकारात्मक बदलाव की गुंजाइश तो पैदा करता ही है। कोविड के समय हमने यह महसूस किया कि उपभोक्ता बना व्यक्ति कैसे अपने आप को उस मितव्ययिता के साथ रखना चाह रहा था, जो सादगी और संयम से तो निर्देशित हो ही रही थी, साथ-साथ हर तरह के आर्थिक आकर्षण से भी कोसों दूर थी। जीने की जिजीविषा थी और जीना एक साहसिक कार्य ही माना गया। वह दौर तमाम तरह के इंफ्लुएंसर्स को दिन-रात सुनता रहा और खुद को मोटिवेट भी करता रहा। कारें गैरेज में खड़ी रहीं और कभी-कभार गर कुछ घुमा तो वह साइकिल का पहिया ही था।

आज फिर हमारे देश में हर उस व्यक्ति के लिए यह एक मौका है कि वह भविष्य में भी अपने आप को उस मितव्ययिता के इर्द-गिर्द रखें। क्योंकि कहा जाता है कि हर बादल में चांदी की रेखा होती है। यह कितना कमाल का दृश्य होगा, जब तेल संकट के समाप्त होने के बाद भी एक आमजन की तरह लीडर्स पब्लिक ट्रांसपोर्ट या किसी साइकिल से आते-जाते दिखेंगे। किसी बड़ी कंपनी के चेयरमैन भी कभी मेट्रो में बैठे दिख जाएंगे। यह भी देखना संतोषजनक होगा कि संसाधनों में शक्ति ढूंढता समाज वास्तविक शक्ति सादगी वाली जीवनशैली में पा रहा होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ

नई दिल्ली, गुरुवार 21 मई , 2026

बिजनेस ब्रीफ

रुपया: 9वें दिन कमजोर, 97 प्रति डॉलर के करीब

मुंबई | पश्चिम एशिया संकट के चलते कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल से रुपया बुधवार को लगातार नौवें दिन कमजोर हुआ। यह गिरकर 96.83 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। इस बीच डॉलर इंडेक्स 99.42 पर और ब्रेंट क्रूड 109.95 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई की आशंका और ब्याज दर घटने की उम्मीदों पर पानी फिरने से रुपए पर दबाव बना रहेगा।

डार्क स्टोर बढ़े, जीएसटी के नियमों में ढील देने पर काम

नई दिल्ली| क्विक कॉमर्स कंपनियों के तेजी से फैलते डार्क स्टोर नेटवर्क ने जीएसटी पंजीयन की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। वित्त मंत्रालय राज्यों के साथ मिलकर हर नए डार्क स्टोर के लिए अलग पंजीयन संशोधन की अनिवार्यता में ढील देने पर विचार कर रहा है। अभी एक ही राज्य में हर नए गोदाम या डार्क स्टोर को जीएसटीआईएन में अतिरिक्त व्यापार स्थान के रूप में जोड़ना पड़ता है।

भारत की विकास दर 6.4% रह सकती है: संयुक्त राष्ट्र

नई दिल्ली| संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.6% से घटाकर 6.4% कर दिया है। यूएन डेसा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान संकट से तेल-गैस आयात महंगा हुआ है। भारत बड़ा एनर्जी आयातक होने के कारण इन झटकों से अछूता नहीं है। लेकिन घरेलू मांग, सरकारी निवेश और सर्विस निर्यात बढ़ने से वह दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट का डेटा सेंटर इसी साल चालू होगा

हैदराबाद| भारत में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा डेटा सेंटर इसी साल जून तक चालू हो सकता है। हैदराबाद में बन रही यह सुविधा भारत में कंपनी के ₹1.6 लाख करोड़ निवेश का हिस्सा है। इन्फोसिस, टीसीएस और कॉग्निजेंट जैसी बड़ी भारतीय आईटी कंपनियां पहले ही माइक्रोसॉफ्ट के कॉपिलॉट के 50,000-50,000 लाइसेंस ले चुकी हैं। कंपनी भारत में 22,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ काम कर रही है।

देश में इस साल दोपहिया बिक्री 5% तक बढ़ेगी: इक्रा

मुंबई| क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में दोपहिया की बिक्री 3-5% बढ़ने का अनुमान लगाया है। अप्रैल में बिक्री 29% बढ़कर 19 लाख दोपहिया हो गई। बीते महीने इलेक्ट्रिक दोपहिया की बिक्री 68% बढ़कर 1.54 लाख यूनिट और बाजार में पैठ 8% तक पहुंच गई। हालांकि कमजोर मानसून के अनुमान और कच्चे माल की बढ़ती महंगाई जोखिम बढ़ा रही है।

एसेट क्लास • गिरते शेयर बाजार में बुलियन मार्केट बना निवेशकों का सबसे मजबूत सहारा

चांदी नंबर-1 निवेश: एक साल में 179% रिटर्न, सोने का भी 69%, लेकिन शेयरों से 8% नुकसान

भास्कर न्यूज | मुंबई

चांदी निवेशकों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद एसेट क्लास बन गई है। बीते एक साल में चांदी का रिटर्न सोने के मुकाबले ढाई गुना रहा है, जबकि इक्विटी (जैसे शेयर) में निवेश से नुकसान हुआ है। 19 मई 2025 से लेकर 20 मई 2026 के बीच चांदी ने रिटर्न 179% और सोने ने 69% रिटर्न दिया है। दूसरी तरफ सेंसेक्स में 8% गिरावट आई है।

हालांकि 2026 में अब सोने का रिटर्न चांदी से ज्यादा रहा है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक, 31 दिसंबर से लेकर अब तक सोने के रिटर्न 19% रिटर्न के मुकाबले चांदी का रिटर्न 16% रहा। लेकिन इस दौरान सेंसेक्स -11.6% टूट गया। विश्लेषकों के मुताबिक गोल्ड-टू-सिल्वर रेशियो अब 50 के करीब आ गया है। इसका मतलब है कि आगामी महीनों में एक बार फिर चांदी कीमतें सोने के मुकाबले ज्यादा बढ़ने की संभावना है। यानी चांदी का रिटर्न ज्यादा रह सकता है। इसके उलट इक्विटी विश्लेषकों को शेयर बाजार में जल्द तेजी लौटने की उम्मीद कम है। सोना अब भी रिकॉर्ड लेवल से 9.6% और चांदी 30% कम भाव पर है।

भास्कर एनालिसिस

चांदी: 1 साल में निवेशकों की पूंजी ढाई गुना से ज्यादा हो गई



एसेट क्लास	19 मई-25	20 मई-26	रिटर्न
सोना	₹93,785	₹1,58,555	+69%
चांदी	₹95,755	₹2,67,302	+179%
सेंसेक्स	82,059	75,318	-8.21%

सोना: 2026 में अब तक चांदी के मुकाबले थोड़ा ज्यादा मिला

एसेट क्लास	31 दिसंबर-25	20 मई-26	रिटर्न
सोना	₹1,33,195	₹1,58,555	+19%
चांदी	₹2,30,420	₹2,67,302	+16%
सेंसेक्स	85,220.6	75,318	-11.6%

(सोना: प्रति 10 ग्राम, चांदी: प्रति किलो, • स्रोत: आईबीजेए, बीएसई)

चांदी एक बार फिर रिटर्न में सोने को मात दे सकती है

बुलियन मार्केट में गोल्ड-टू-सिल्वर रेशियो पर नजर रखी जाती है। अभी यह रेशियो 54.35:1 पर आ गया है। यानी एक किलो सोने के बदले 54.35 किलो चांदी मिल रही है। पिछले साल यह रेशियो 100:1 के आसपास था। यानी तब एक किलो सोना खरीदने के लिए 100 किलो से ज्यादा चांदी की जरूरत थी।

गोल्ड-टू-सिल्वर रेशियो घटने का आखिर मतलब है क्या...

- सोने के मुकाबले चांदी के फंडामेंटल्स अधिक मजबूत दिख रहे।
- गोल्ड-टू-सिल्वर रेशियो यदि आगे भी 54 के नीचे बना रहा तो चांदी में सोने से ज्यादा तेजी आएगी।
- यह रेशियो 40:1 तक आ सकता है, ऐसे में चांदी में उछाल आएगा।
- इसके 58 के ऊपर जाने पर चांदी की तेजी थम सकती है।

भास्कर नॉलेज

चांदी की सप्लाई में कमी इसे बेस्ट एसेट क्लास बना रही

1. चांदी कीमती धातु के तौर पर एसेट क्लास के साथ ही औद्योगिक धातु भी है, इसलिए दोतरफा मांग
2. सालाना खपत में 60% हिस्सेदारी सोलर पैनल, ईवी और सेमीकंडक्टर की
3. 2021 से ही सप्लाई डिमांड से कम, 2026 लगातार छठा ऐसा साल है
4. ग्रीन एनर्जी की डिमांड से चांदी की औद्योगिक मांग लगातार तेज हो रही

भास्कर एक्सपर्ट

कायनात चैनवाला, एवीपी-कमोडिटी रिसर्च, कोटक सिक्युरिटीज

माहौल चांदी में तेजी के पक्ष में

अमेरिका में महंगाई दर 3.8% रही, जो मई 2023 के बाद सबसे ऊंची है। इस बीच ट्रेजरी यील्ड 16 महीने के ऊंचे स्तर 4.7% पर पहुंच गई है। इस लिहाल से ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक की सख्ती बनी रहेगी। गोल्ड मार्केट के लिए ये नकारात्मक हैं। ऐसे में चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रह सकता है।

परेशानी • रिपोर्टेड आय हमेशा खपत और बचत से कम निकली

75 साल बाद पहला आय सर्वे, पर 95% लोग बताने को तैयार नहीं

हिमांशी भारद्वाज | नई दिल्ली

सरकार ने 75 साल में पहली बार समर्पित घरेलू आय सर्वे शुरू किया है। लेकिन 95% लोग आय बताने में असहज हैं। अनौपचारिक रोजगार की जटिलता इसे सबसे मुश्किल सांख्यिकीय काम बना रही है।

राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण (एनएचआईएस) 2026 अप्रैल में शुरू हो चुका है। यह मार्च 2027 तक 4.5 लाख घरों में चलेगा। यह एनएसओ का पहला समर्पित आय सर्वेक्षण है। 1950 से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण ने खपत, रोजगार, स्वास्थ्य - सब मापा, पर आय की सही तस्वीर हमेशा गायब रही। जब भी घरों की रिपोर्टेड आय जोड़ी गई, वह खपत और बचत के जोड़ से कम निकली। एनएचआईएस- 2026 कंप्यूटर-आधारित इंटरव्यू, 11 आय श्रेणियों और अंतरराष्ट्रीय मॉडलों के जरिए इस खाई को पाटने की कोशिश है।

सर्वे एक नजर में



- **कवरेज:** 4.5 लाख घर
- **अवधि:** अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक
- **आय श्रेणियां:** 11 (वेतन से लेकर लाभांश तक)
- **प्रति घर समय:** 100 मिनट (औसत प्री-टेस्टिंग में)

सबसे बड़ी चुनौती: परिवारों के बीच खर्च ज्यादा, आय कम बताने का ट्रेंड

95% ने सर्वेक्षण को संवेदनशील बताया, आय से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार किया।

22% को ही सर्वेक्षण का उद्देश्य ठीक से समझ में आया

45% को सवाल स्वाभाविक भी लगे।

- ग्रामीण और शहरी, परिवारों में घर खर्च ज्यादा और आय कम बताने की प्रवृत्ति है।
- गेटेड कॉलोनियों, अमीर तबके से डेटा मिलना मुश्किल, रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन से संपर्क की सिफारिश।

(स्रोत: एनएचआईएस- 2026 की प्री-टेस्टिंग रिपोर्ट)

*अगर हम निम्न और मध्यम वर्ग की आय का उचित अनुमान लगा सकें तो वह पर्याप्त होगा। ज्यादा आय वाले वर्ग का डेटा आयकर रिकॉर्ड से जोड़ा जा सकता है। – **प्रणब सेन**, पूर्व मुख्य सांख्यिकीविद, केंद्र सरकार*

*मुझे नहीं लगता यह सर्वेक्षण आय वितरण के लिए ज्यादा सटीक होगा। आय के मामले में असमानता बढ़ी है। उच्च आय वर्ग को सही तरीके से कैप्चर करना संदिग्ध है। – **पीसी मोहनन**, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग*

एफएमसीजी • जनवरी-मार्च में शहरों में डिमांड 6.4% बढ़ी

पर्सनल, हाउसहोल्ड केयर प्रोडक्ट्स की डिमांड अब सबसे ज्यादा बढ़ रही

शार्लिन डिसूज़ा | मुंबई

देश में इस साल पर्सनल, हाउसहोल्ड केयर प्रोडक्ट्स की डिमांड सबसे ज्यादा बढ़ रही है। 'वर्ल्डपैनल बाय न्यूमरेटर' की रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की खपत 3-5% और हाउसहोल्ड केयर प्रोडक्ट्स की 4-5% बढ़ सकती है। नए परिवारों के बीच वॉशिंग लिक्विड, फैब्रिक कंडीशनर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। फर्श और टॉयलेट क्लीनर की बिक्री भी मामूली उतार-चढ़ाव के बाद लगातार बढ़ रही है।

साबुन, तेल, बिस्किट जैसे रोजाना इस्तेमाल के सामान (एफएमसीजी) की कुल खपत इस साल 5% तक बढ़ सकती है। यह कच्चे तेल के दाम 80-85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर रहने और बेहतर मानसून पर निर्भर करेगी। अभी सामान महंगा होने से लोगों की जेब से कुल खर्च तो ज्यादा हो रहा है, पर घरों में आने वाले सामान की मात्रा कम बढ़ी है। हालांकि, कंपनियों द्वारा सीधे दाम न बढ़ाने से खपत और खर्च के बीच का यह अंतर धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद जताई गई है।

रेवेन्यू: जनवरी-मार्च में एफएमसीजी कंपनियों की कुल कमाई 13% बढ़ी

जनवरी-मार्च में एफएमसीजी कंपनियों की कुल कमाई 13.1% बढ़ी। इस दौरान कुल खपत बढ़कर 5.4% पर पहुंच गई। शहरी इलाकों में मांग ज्यादा तेजी से बढ़कर 6.4% हो गई, जो दिसंबर तिमाही में 4.8% थी। दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में मांग लगातार दूसरी तिमाही में 4% से ऊपर बनी हुई है।

डिमांड: फूड प्रोडक्ट्स की ग्रोथ सुस्त, इस साल 4 फीसदी रहने का अनुमान

फूड्स सेगमेंट की बिक्री इस साल 3-4% बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, जरूरी राशन से सामान की कुल खपत तो बढ़ेगी, पर इसमें उछाल की गुंजाइश कम है। चॉकलेट, स्नैक्स जैसी चीजें लोग अब कम अंतराल पर खरीद रहे हैं। गर्मी और कम बारिश से सॉफ्ट ड्रिंक्स की बिक्री बढ़ सकती है।

जोखिम: कच्चा तेल और महंगा हुआ बढ़ेंगे एफएमसीजी प्रोडक्ट्स के दाम

कच्चा तेल महंगा होने पर खपत वृद्धि 4.5% तक सिमट सकती है। ऐसे में कंपनियां एफएमसीजी प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ा सकती हैं। महंगाई बढ़ने से लोग सोच-समझकर खरीदारी करेंगे। अगर ईंधन के साथ खराब मौसम से खाने-पीने की चीजें भी महंगी हुईं, तो खपत घटकर 3 से 4% रह जाएगी।

टोक्यो से न्यूयॉर्क सिर्फ पौने दो घंटे में... अभी लगते हैं 14 घंटे

जापान ने किया आवाज से 5 गुना तेज उड़ने वाले एयरक्राफ्ट इंजन का सफल लैब टेस्ट

टोक्यो| एविएशन सेक्टर में दुनिया को चौंकाते हुए जापान ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। अंतरिक्ष एजेंसी 'जाक्सा' ने लैब के भीतर एक ऐसे नए इंजन का सफल परीक्षण किया है, जो भविष्य में ध्वनि से पांच गुना तेज (मैक-5) यानी 6,125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यात्री विमान उड़ाने की राह निकालेगा। इस हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी की मदद से टोक्यो से न्यूयॉर्क के बीच 10,830 किलोमीटर का सफर महज 1 घंटे 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। अभी इसमें 14 घंटे से ज्यादा लगते हैं। यह रफ्तार अमेरिकी कंपनी बूम सुपरसोनिक के आने वाले 'ओवरचर' विमान से भी तीन गुना ज्यादा तेज है।

1,000 डिग्री गर्मी झेलने में सक्षम

लैब में विमान के ढांचे को 1,000 डिग्री सेल्सियस तापमान पर परखा गया। इसमें इसके अंदरूनी हिस्से और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित रहे।

क्या है तकनीक: विमान में कोई घूमने वाला पंखा नहीं होता। इसकी की रफ्तार हवा को दबाती है। तेज हवा लिक्विड हाइड्रोजन ईंधन के साथ मिलती है। धमाके से इंजन को ताकत मिलती है।

बिजनेस इंफो

देश में हर चार में 3 खातेदार बैंकों की सर्विस से खुश नहीं

मुंबई| अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी (जैसे एआई) के मौजूदा दौर में भी देश के हर 4 में से 3 ग्राहक अपने-अपने बैंक की सर्विस से खुश नहीं हैं। आम लोगों को केवाईसी (ग्राहक को जानें), कागजी कार्रवाई के लिए आज भी बैंक ब्रांच जाना पड़ता है। ईवाई इंडिया की एक सर्वे रिपोर्ट से यह नतीजा निकाला गया है।

अनुभव: बैंकिंग सर्विस पर राय

25% ने कहा- अनुभव बेहतरीन

75% ने कहा- अनुभव बहुत अच्छा नहीं

संतुष्टि: अकाउंट खोलना आसान

महिला वर्ग	बुजुर्ग वर्ग	युवा वर्ग
94%	93%	68%

युवा पेशेवर भी नियमित जा रहे बैंक

37%	शहरी पेशेवर
33%	ग्रामीण पेशेवर
9%	महत्वाकांक्षी पेशेवर

युवाओं को अब भी ये दिक्कतें

- खाता खोलने के लिए शाखा बुलाना
- लंबी ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया
- ज्यादा पेपर वर्क

भरोसा: 40-55 साल के ग्राहक ब्रांच जाते हैं

ग्राहक वर्ग	ब्रांच जाने का कारण	कितने
ग्रामीण ग्राहक	जमा-निकासी	56%
संपन्न शहरी	बुनियादी काम	52%
वर्किंग वुमन	नियमित सेवाएं	45%

डिजिटल: एप पर भरोसा, चैटबॉट से दूरी

ग्राहक वर्ग	संतुष्टि का स्तर	कितने
संपन्न शहरी	सर्वश्रेष्ठ एप अनुभव	79%
महत्वाकांक्षी युवा	बेहतर मोबाइल बैंकिंग	74%
युवा प्रोफेशनल	बेहतर एप संतुष्टि	74%

भविष्य: एआई की सलाह मानने को तैयार

ग्राहक वर्ग	बैंकिंग में एआई पर राय	कितने
महिला	एआई चैटबॉट से सहज	73%
कारोबारी	एआई वित्तीय सलाह पसंद	51%
युवा	एआई बजटिंग टूल पसंद	49%

प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए ये जरूरी...

1. ग्राहकों के प्रति सहानुभूति रखना 2. सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना 3. ग्राहकों को हर स्तर पर उनकी जरूरतों के मुताबिक सुविधाएं देना 4. ग्राहकों के सशक्तीकरण के लिए पर्याप्त कदम उठाना 5. ग्राहकों की हर बात पर गौर करना।

(स्रोत: ईवाई)

ये रिस्की • अधूरी मरम्मत पर उड़ानों की मंजूरी

लापरवाही पर सख्ती, विमानों की फिटनेस जांच 35% बढ़ी

एम. रियाज हाशमी | नई दिल्ली

डीजीसीए ने इस साल विमानों की निगरानी के लिए 5,435 जांचें तय की हैं। यह 2025 के 4,630 और 2024 के 4,027 से 35% ज्यादा है। लेकिन डीजीसीए जिन खतरों पर नजर रखने की बात कर रहा है, वे 3 साल से जारी हैं। लेकिन सुधार नहीं हुआ। रात में अधूरी मरम्मत के बाद विमान को उड़ान भरने की मंजूरी इनमें शामिल है। अहमदाबाद हादसे ने इस खामी की गहराई दिखाई। संसद में दिए सरकारी जवाब से पता चला कि दुर्घटनाग्रस्त उड़ान ए1-171 से पहले उसी विमान की पिछली उड़ान की तकनीकी लॉगबुक में स्टेबलाइजर सेंसर में खराबी दर्ज गई थी। प्रक्रिया के तहत उसे ठीक करके विमान उड़ाया गया।

रात में विमानों की औचक जांच अब अनिवार्य

अब हर महीने 'नाइट सर्विलांस' अनिवार्य किया गया है, ताकि रात में अधूरी प्रक्रियाओं से विमान न उड़ाए जाएं। सीमित खराबी के बावजूद अस्थायी उड़ान की अनुमति के प्रावधान के दुरुपयोग पर भी फोकस है। गंभीर उल्लंघन पर लाइसेंस का निलंबन भी हो सकता है।

आरबीआई आज बैंकिंग सिस्टम में 1.25 लाख करोड़ कैश डालेगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

आरबीआई बैंकिंग सिस्टम में नकदी की स्थिति बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को ओवरनाइट वेरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) की नीलामी करेगा। इसके जरिए आरबीआई बैंकों में 1.25 लाख करोड़ रुपए का कैश डालेगा। बहरहाल बुधवार को हुई वीआरआर नीलामी में सिर्फ 16,435 करोड़ रुपए की बोली लगी, जबकि अधिसूचित राशि 1.5 लाख करोड़ रुपए थी। मंगलवार तक की स्थिति के मुताबिक, देश के बैंकिंग सिस्टम में 1.50 लाख करोड़ रुपए का सरप्लस कैश था। इसके चलते वेटेड एवरेज कॉल रेट 5.24% के स्तर पर आ गया, जो रेपो रेट 5.25% से थोड़ा नीचे है। वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंक सरकारी बॉन्ड के बदले बाजार दर पर आरबीआई से उधार ले सकते हैं। रिजर्व बैंक इन ऑपरेशंस के जरिए वेटेड एवरेज कॉल रेट को रेपो रेट के करीब बनाए रखता है। इससे बैंकों और ग्राहकों के लिए लोन लेना-देना आसान हो जाता है।

अब बनने से पहले ही 'कार्टेल' पकड़ने की तैयारी कर रहा कैग

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) सरकारी खरीद में मिलीभगत और बाजार में प्रतिस्पर्धा बिगाड़ने जैसी गतिविधियों पर शुरुआती स्तर पर ही रोक लगाना चाहता है। इसके कैग ने प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ ज्यादा मजबूत संस्थागत सहयोग की जरूरत बताई है। सीसीआई के सालाना कार्यक्रम में कैग संजय मूर्ति ने कहा कि ऑडिट और प्रतिस्पर्धा कानून का प्रवर्तन अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे को मजबूत करने वाले उपकरण हैं। इनका संयुक्त इस्तेमाल सार्वजनिक धन की सुरक्षा और बाजार की निष्पक्षता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में कीमत तय करने या बिड रिगिंग करने वाले आपूर्तिकर्ता सिर्फ प्रतिस्पर्धा कानून नहीं तोड़ते, बल्कि सरकारी खजाने को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों की जल्द पहचान से सार्वजनिक संसाधनों की बेहतर सुरक्षा संभव है।

आईपीओ: इस महीने 13 छोटी कंपनियों के इश्यू, बड़ी गायब

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश के आईपीओ बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। ज्यादातर बड़ी कंपनियों ने आईपीओ टाल दिया है, लेकिन छोटी कंपनियां (एसएमई) आगे बढ़ रही हैं। मार्च और अप्रैल में क्रमशः 9 और 4 एसएमई लिस्टिंग के बाद मई में यह संख्या 13 तक पहुंचने की उम्मीद है। दो आईपीओ अभी सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं और करीब आधा दर्जन पब्लिक इश्यू अभी पाइपलाइन में हैं। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, मेनबोर्ड पर बड़ी कंपनियों की गैरमौजूदगी ने छोटी कंपनियों को लिस्टिंग योजनाएं आगे बढ़ाने का मौका दिया। बड़ी कंपनियों को संस्थागत भागीदारी और बाजार की स्थिरता चाहिए, जो अभी दुर्लभ है। एसएमई आईपीओ का आकार छोटा होता है, इनका निवेशक आधार मुख्यतः रिटेल है और अधिकांश इश्यू पूरी तरह ताजा पूंजी जुटाने के लिए हैं, न कि मौजूदा निवेशकों की एग्जिट के लिए। यह किसी भी आईपीओ के अच्छा होने का संकेत होता है।

बिजनेस एंकर 15-30 वर्ष उम्र वाली नई पीढ़ी बीमारी से पहले ही उसका समाधान तलाशने के प्रयास में

बीमारी नहीं, लाइफस्टाइल का इलाज, दवा बाजार को नई शक्ल दे रही जेन जी, देश की पूरी आबादी में इनकी हिस्सेदारी 26 फीसदी

संकेत कौल | नई दिल्ली

पहले दवा बाजार में मांग अक्सर बीमारी तय करती थी, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। देश की जेन जी (करीब 15-30 वर्ष) फिटनेस, लुक्स, वेलनेस और सुविधा को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य संबंधी फैसले कर रही है। यही वजह है कि फार्मा इंडस्ट्री में ऐसी थेरेपी तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका संबंध मोटापा, त्वचा, आंखें, ओरल हेल्थ और लाइफस्टाइल से है।

भारत की आबादी में करीब 26% हिस्सेदारी वाली जेन जी इलाज का इंतजार करने के बजाय पहले से समाधान खोजने की कोशिश कर रही है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन हेल्थ प्लेटफॉर्म्स ने इस बदलाव की रफ्तार तेज कर दी है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बढ़ता स्क्रीन टाइम आंखों से जुड़ी दवाओं की मांग बढ़ा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया पर दिखने वाले ब्यूटी ट्रेंड्स और फौरन नतीजे की चाह एंटी-ओबेसिटी और डर्मेटोलॉजी से जुड़ी दवाओं की खपत बढ़ा रही है। फार्मरैक की कमर्शियल वाइस प्रेसिडेंट शीतल सपाले का कहना है कि प्रदूषण और इंस्टाग्राम से प्रभावित ब्यूटी कल्चर के कारण डर्मेटोलॉजी और रेस्पिरेटरी दवाओं की खपत में जेन जी की हिस्सेदारी 25% से ज्यादा हो गई है। खान-पान की आदतें बदलने का भी असर दिखा रहा है। फूड डिलीवरी पर बढ़ती निर्भरता से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण और जंक फूड से जुड़ी फैटी लिवर जैसी बीमारियों ने एंटी-इन्फेक्टिव और लीवर प्रोटेक्शन थेरेपी की मांग बढ़ाई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पीढ़ी फार्मा बाजार को केवल डॉक्टर-आधारित नहीं रहने दे रही। इसे मांग-आधारित बना रही है। क्विक कॉमर्स और ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ने से युवा जल्द समाधान चाहते हैं और इलाज के फैसलों में पहले से ज्यादा सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दिल्ली स्थित सीके बिड़ला हॉस्पिटल की इंटरनल मेडिसिन डायरेक्टर मनीषा अरोड़ा कहती हैं, 'जेन जी इंटरनेट पर सहज है। इसी वजह से सेल्फ-मेडिकेशन का ट्रेंड नजर आ रहा है। नियमित जांच के बजाय वर्चुअल कंसल्टेशन और ई-प्रिस्क्रिप्शन को प्राथमिकता दी जा रही है।'

हालांकि विशेषज्ञ चेताते हैं कि सुविधा आधारित यह हेल्थ मॉडल लंबे समय में जोखिम बढ़ा सकता है। अभी कार्डियक (दिल से जुड़ी बीमारियां) और एंटी-डायबिटीज (मोटापे) जैसी थेरेपी में इस समूह की हिस्सेदारी कम है, पर उम्र बढ़ने के साथ इसमें तेजी आने की संभावना है।

स्वास्थ्य को लेकर जागरूक, पर जांच से दूरी

जेन जी मानसिक स्वास्थ्य और वेलनेस को लेकर पहले की पीढ़ियों से ज्यादा सक्रिय नजर आती है, लेकिन नियमित हेल्थ जांच में पीछे है। मैकिंजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ 47% जेन जी सालाना वेलनेस विजिट कराते हैं, जबकि कुल औसत करीब 72% है। डॉक्टरों के अनुसार, कई युवा नियमित सामान्य डॉक्टर भी नहीं रखते। ये मैमोग्राम, गायनाकोलॉजिकल जांच, वैक्सीनेशन और फिजिकल टेस्ट जैसे प्रिवेंटिव चेकअप अमूमन टाल देते हैं।

ग्रोथ • जनवरी-मार्च में बकाया गोल्ड लोन 50% बढ़कर 18 लाख करोड़

सोने के सहारे बढ़ा रिटेल क्रेडिट, ग्रोथ में पर्सनल लोन को पीछे छोड़ गया गोल्ड लोन

सुब्रत पांडा | मुंबई

रिटेल लोन के घरेलू बाजार में बीते वित्त वर्ष बड़ा बदलाव आया। बैंकों और फाइनेंस कंपनियों का झुकाव असुरक्षित लोन की बजाय सुरक्षित (सिक्योर्ड) कर्ज की तरफ बढ़ा और गोल्ड लोन सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बनकर उभरा। क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2026 तक कुल रिटेल बकाया कर्ज 16.6% बढ़कर 170.2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसमें कंजम्पशन लोन 15.3% बढ़कर 118.6 लाख करोड़ रुपए रहा। गोल्ड लोन ने सबसे मजबूत प्रदर्शन किया। इसका बकाया 50.4% बढ़कर 18.6 लाख करोड़ रुपए हो गया। इसने पर्सनल लोन को पीछे छोड़ते हुए होम लोन के बाद दूसरा सबसे बड़ा रिटेल क्रेडिट प्रोडक्ट का दर्जा हासिल कर लिया। सोने की बढ़ती कीमतों से गिरवी मूल्य बढ़ा और औसत टिकट साइज 52% बढ़कर जनवरी-मार्च तिमाही में 2.19 लाख रुपए हो गया।

ऑटो लोन 14%, कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन 21% बढ़े

बीती तिमाही ऑटो लोन 13.9% और टू-व्हीलर लोन सालाना 15.1% बढ़े, हालांकि त्योहारों के बाद वितरण की गति थोड़ी धीमी पड़ी। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन 20.8% बढ़कर करीब 1 लाख करोड़ हो गया। प्रीमियम प्रोडक्ट्स की डिमांड और जीएसटी तर्कसंगत होने से इस सेगमेंट को सहारा मिला।

होम लोन: यह ₹44.4 लाख करोड़ के साथ सबसे बड़ा सेगमेंट बना रहा। इसमें 9.4% वृद्धि हुई। वहीं पर्सनल लोन 12.9% बढ़कर ₹16.5 लाख करोड़ तक पहुंचा, लेकिन इसमें तनाव के संकेत हैं। दूसरी ओर क्रेडिट कार्ड बिजनेस लगभग स्थिर रहा। नए कार्ड जारी होने में लगातार दूसरे साल गिरावट देखी गई।

Get Exclusive Access to My Private Channel

✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦ **International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

♦ **English & Hindi Editorials**

[National + International Editorials]



Click here to join

अब सिंहासन की बारी

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तस्वीर साफ होने के साथ ही वहां मुख्यमंत्री के चयन की कवायद तेज हो गई है। तमिलनाडु में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के विधायक दल ने मंगलवार को पार्टी के मुखिया जोसेफ सी विजय को अपना नेता चुन लिया, तो यह स्वाभाविक ही था। वहां किसी ऊहापोह की कोई गुंजाइश भी नहीं थी। हालांकि, टीवीके पार्टी स्पष्ट बहुमत से दस सीट पीछे रह गई है, मगर उसे सरकार बनाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि विपक्षी पार्टियों का अंकगणित बहुत कमजोर है और छोटे दलों के पास पर्याप्त संख्या में विधायक हैं, जो विजय के साथ खड़े हो सकते हैं। विजय के लिए असली चुनौती मुख्यमंत्री बनने के बाद शुरू होने वाली है, क्योंकि वह पहली बार विधायक बने हैं और उनके पास संसदीय राजनीति का बहुत अनुभव नहीं है। दूसरी तरफ, राज्य के लोगों की उनसे अपेक्षाएं ज्यादा हैं। रुपहले परदे पर तंत्र की खामियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले विजय के नायकत्व की असली परीक्षा उनमें जननायक तलाशते लोग अब लेंगे। अपने चुनावी वायदे को वह कितनी ईमानदारी से लागू कर पाते हैं, इस पर तमिलनाडु ही नहीं पूरे देश की नजर होगी। यहां अरविंद केजरीवाल की नजीर उनके सामने है, जो दिल्ली में अपने ही बनाए मानदंड पर कैसे कसे गए और खारिज किए गए।

पांचों राज्यों में सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है, तो यह उचित भी है, क्योंकि देरी से प्रशासनिक ऊहापोह बनी रहती है, जिससे असामाजिक तत्वों को मौका मिलता है।

इसी तरह, पश्चिम बंगाल और असम में शानदार विजय हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने दोनों प्रदेशों में विधायक दल के नेता के चयन के लिए जिस तत्परता से केंद्रीय पर्यवेक्षकों की घोषणा की है, वह भी सराहनीय है। पिछले कई चुनावों से यह एक परिपाटी सी बनती जा रही थी कि भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में मुख्यमंत्री के चुनाव में काफी समय लग जाता था और संबंधित राज्य को लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए काफी इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में, बंगाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर गृह मंत्री अमित शाह व असम में स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा की नियुक्ति आश्वस्तकारी है कि वहां विधायक दल के नेता के चुनाव में अड़चनें नहीं आएंगी और जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी में राज्य सरकारें नियमित कामकाज में जुट सकेंगी। इन दोनों प्रदेशों में गहरे सामाजिक ध्रुवीकरण और चुनाव बाद ही हिंसा के इतिहास को देखते हुए जल्द से जल्द लोकप्रिय सरकार का गठन उचित है। खासकर पश्चिम बंगाल में आगजनी और हिंसा की कई घटनाओं को देखते हुए इस बात की अनिवार्यता और स्पष्ट हो जाती है। तमाम पार्टियों को इस समय परिपक्वता का प्रदर्शन करते हुए उद्दंड समर्थकों को नियंत्रित करना चाहिए।

केरलम और तमिलनाडु में भी सरकारें बदली हैं, मगर वहां जिस शालीनता से पराजित दलों ने जनादेश को स्वीकार किया है, उनकी सराहना की जानी चाहिए। खासकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नाटकीय रुख को देखते हुए। उनकी कई शिकायतों को राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा मानते हुए भी इस बात की प्रशंसा नहीं की जा सकती कि वह स्थापित मूल्यों के खिलाफ आचरण करें। राजनीति में शिकवे-शिकायतें अपनी जगह हैं, मगर राजनेताओं का यह पहला दायित्व है कि वे परिणाम आने के बाद अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के हितों को पहली प्राथमिकता दें। उन्हें किसी टकराव और भड़काऊ परिस्थिति के हवाले करना खुदगर्जी की राजनीति है। एक सफल लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनादेश अंतिम होता है और उसे शिरोधार्य करने में ही सबकी भलाई है।

क्या एसआईआर से सचमुच असर पड़ा

रोशन किशोर | राजनीतिक आर्थिक संपादक, एचटी

सांविधानिक व राजनीतिक नैतिकता को एक किनारे रख दें और ठोस चुनावी आंकड़ों पर गौर करें, तो भाजपा की इस जीत का मूल कारक एसआईआर नहीं दिखता है।

भाजपा को जीत क्या एसआईआर की वजह से मिली है? पश्चिम बंगाल के संदर्भ में यह एक विवादास्पद सवाल बनता जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल से निर्वाचन आयोग ने जिन 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया है, उनमें से छह राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव हुए हैं, पर बंगाल इस मामले में सबसे विवादास्पद साबित हुआ, क्योंकि यहां 27 लाख मतदाता 'विचाराधीन' (अंडर एडजुडिकेशन) होने के कारण अयोग्य साबित कर दिए गए, यहां तक कि चुनाव के दिन भी वे अपने मताधिकार की बाट जोहते रह गए, जबकि करीब 62 लाख मतदाताओं के नाम एसआईआर में कटे हैं।

एसआईआर से जुड़ी सांविधानिक व राजनीतिक नैतिकता को एक किनारे रख दें और ठोस चुनावी आंकड़ों पर गौर करें, तो भाजपा की इस जीत का मूल कारक एसआईआर नहीं दिखता। इसे समझने के लिए तीन सवालों के जवाब तलाशते हैं। पहला सवाल है- पार्टियों के पारंपरिक गढ़ से बाहर एसआईआर का क्या असर रहा? दूसरा, मुस्लिम मतदाता इस प्रक्रिया से कितने प्रभावित हुए? और तीसरा, पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की असली वजह क्या रही?

शुरुआत पहले सवाल से करते हैं। साल 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल और उसके सहयोगियों को क्रमशः 226, 211 और 215 सीटें मिली थीं। उन्होंने इन तीनों चुनावों में 124 सीटों पर हर बार जीत दर्ज की। मैं यहां 2011 से पहले के चुनावों को शामिल नहीं कर रहा, क्योंकि 2008 के परिसीमन में विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं बदल गईं थीं।

बहरहाल, तृणमूल और उसके सहयोगियों को इस बार अपने गढ़ वाले 124 विधानसभा क्षेत्रों में से 78 में हार का सामना करना पड़ा है (इनमें से एक में चुनाव स्थगित है) और इन सभी क्षेत्रों से बाहर केवल 34 सीटें जीतने में उनको सफलता मिली है।

इसके बरअक्स, भारतीय जनता पार्टी ने साल 2019, 2021 और 2024 के चुनावों में क्रमशः 121, 77 व 90 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की (यहां 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों को विधानसभावार बांटा गया है)। उसे इन सभी चुनावों में कुल 54 विधानसभा क्षेत्रों में हर बार जीत मिली। इस बार भाजपा ने इन 54 विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरे तीनों चुनावों में कभी-न-कभी जीती गई सभी 142 सीटों पर भी विजय का परचम लहराया है। इसके अलावा, उसके खाते में 65 ऐसी सीटें भी आई हैं, जिन पर वह पहले कभी नहीं जीत सकी थी।

अगर किसी को बंगाल के इस नए घटनाक्रम को समझना है, तो उसे राज्य के चुनावी नतीजों पर एसआईआर के असर की जांच करनी चाहिए, पर उन 100 मजबूत विधानसभा सीटों को छोड़कर, जो 2026 में भी तृणमूल और कांग्रेस के पास ही रहीं। सवाल है कि इनमें से कितने क्षेत्रों में 2024 और 2026 के बीच मतदान में गिरावट देखी गई? जवाब है- 20, जिनमें से 2019, 2021, 2024 व 2026 में भाजपा 13 सीटों पर हर बार आगे रही, जबकि तृणमूल 2011, 2016, 2021 और 2026 में सात सीटें जीतीं (यह मंगलवार रात 10 बजे तक का आंकड़ा है)। बेशक, इन निर्वाचन क्षेत्रों में एसआईआर के कारण 2.1 प्रतिशत से लेकर 38.6 प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटे हैं। किंतु, जब तृणमूल या भाजपा के वोट प्रतिशत में बदलाव और एसआईआर के कारण मतदाता-संख्या में आई कमी के बीच तुलना की जाती है, तो दोनों में दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं दिखता।

दूसरा सवाल। एसआईआर के तहत धर्म-विशेष के मतदाताओं के नाम को 'पक्षपातपूर्ण तरीके' से हटाने का आखिर क्या असर पड़ा? एसआईआर को लेकर यह आरोप जोर-शोर से उछला है कि इसके तहत उन जिलों में मतदाताओं के नाम ज्यादा हटाए गए, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है। पश्चिम बंगाल में 39 विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे, जहां से 2011, 2016 और 2021 के चुनावों में मुस्लिम विधायक चुने गए थे। इन 39 सीटों में से 18 सीटें उन जिलों में थीं, जहां 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी का अनुपात 50 फीसदी या उससे अधिक था। इस बार भी इनमें से 34 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम विधायक चुने गए हैं, जिनमें से महज पांच वास्तव में गैर-तृणमूल उम्मीदवार हैं। शेष पांच सीटें भाजपा के खाते में गई हैं।

पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित विधानसभा में मुस्लिम विधायकों की कुल संख्या 40 है। साल 2021 में भी उनकी संख्या कमोबेश इतनी ही थी। अलबत्ता तृणमूल विधायकों में मुस्लिम विधायकों की हिस्सेदारी बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गई है। साफ है, यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का उदाहरण है, न कि मतदाता-सूची में कथित हेर-फेर का नतीजा। असम में कांग्रेस भी इसी गफलत का शिकार हुई है।

ऐसे में, तीसरा सवाल महत्वपूर्ण बन जाता है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का असली कारण क्या था? इसका जवाब है, सत्ता विरोधी लहर। लोगों पर इसका भारी असर दिखा है, शेष कसर ध्रुवीकरण ने पूरी कर दी। 2021 से 2026 के बीच तृणमूल ने 293 विधानसभा क्षेत्रों में से 268 में अपना मत-प्रतिशत गंवाया है। इनमें से 69 सीटों पर उसे 10 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ है। इसके उल्ट, भाजपा ने 293 विधानसभा सीटों में से 270 में अपना मत-प्रतिशत बढ़ाया है और 95 सीटों पर उसे 10 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला है।

जन-समर्थन में आए इस बदलाव के गहरे निहितार्थ हैं। ऐतिहासिक तथ्यों से इसे समझना आसान होगा। दरअसल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाले वाममोर्चा ने 2006 की अपनी शानदार जीत और 2011 की करारी हार के बीच 11 प्रतिशत मत गंवाए थे। परिसीमन के कारण किए गए बदलावों के कारण इस परिवर्तन का क्षेत्रवार सटीक विश्लेषण संभव नहीं है, पर 2026 में तृणमूल के मत-प्रतिशत में लगभग 4.7 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जो वाममोर्चा की तुलना में कम है। यही कारण है कि ममता बनर्जी 2011 के वाममोर्चे की तुलना में अपनी सीटों की संख्या को कहीं अधिक बचाए रखने में सफल रही हैं।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सामने अब भी एक बड़ी चुनौती शेष है। अगर बचे हुए हिंदू मतदाता भाजपा या राज्य की अन्य विपक्षी पार्टियों का रुख कर लें, तब क्या होगा? ये मतदाता अब तृणमूल के खिलाफ मुखर हो सकते हैं, क्योंकि वह भाजपा से हार चुकी है। जाहिर है, पश्चिम बंगाल की राजनीति अभी खत्म नहीं हुई है।

(साथ में अभिषेक झा)

वैश्विक पहचान मिलने से और संवरेगी शेखा झील

संगीता सिंह | आयुक्त, अलीगढ़ मंडल

सुबह की हल्की धुंध में जब पक्षियों का मधुर कलरव रात्रि की नीरवता को तोड़ता है, तब शेखा झील का विस्तार एक जीता-जागता संसार बनकर उभरता है। यह संसार कोमल है, पक्षियों के मखमली पंखों-सा। प्रवासी पक्षी इस आर्द्रभूमि में आते हैं, अघोषित मेहमानों की तरह, कुछ दिन ठहरते हैं और उड़ चलते हैं किसी दूसरी दुनिया की ओर। पीछे रह जाती है, उनकी मीठी यादें और फिर से उनको देखने की कसक। अब जब शेखा झील को रामसर कन्वेंशन (अभिसमय) के तहत 'रामसर आर्द्रभूमि स्थल' का दर्जा प्राप्त हुआ है, तब इस शांत स्थल को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा साल 2018-19 के दौरान कराई गई गणना और 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में 22,361 झीलें हैं, हालांकि इनमें से बहुत सी झीलों की स्थिति अच्छी नहीं है। गाद जमने या सूख जाने के कारण इनमें से ज्यादातर उपयोग लायक नहीं रह गई हैं। इस समय देश में कुल 24,24,540 जल निकाय हैं, जिनमें तालाब, टैंक, झील, जलाशय आदि शामिल हैं। इनके संरक्षण की बहुत जरूरत है, क्योंकि इनमें से कई न सिर्फ हमारे शहरों की जीवनधारा हैं, बल्कि भविष्य की जरूरतों के लिहाज से एक अनमोल संसाधन हैं।

शेखा झील को रामसर कन्वेंशन के तहत 'रामसर आर्द्रभूमि' का दर्जा मिला है। इससे इस शांत स्थल को एक वैश्विक पहचान मिली है।

इस पृष्ठभूमि में शेखा रामसर झील की अहमियत स्पष्ट हो जाती है। रामसर कन्वेंशन आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके विवेकपूर्ण उपयोग के लिए 2 फरवरी, 1971 को ईरान के रामसर शहर में हुई अंतरराष्ट्रीय संधि है, जो 1975 में प्रभावी हुई। इसका उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र को बचाना है। भारत 1982 में इसमें शामिल हुआ और वर्तमान में यहां 99 रामसर स्थल हैं। बिहार में बक्सर की गोकुल झील, पश्चिम चंपारण में उदयपुर झील और कटिहार में गोगाबिल झील के 'रामसर स्थल' बनने के बाद वहां रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर छह हो गई है।

जो लोग शेखा झील को जानते हैं, वे इससे अभिभूत रहे हैं। उनके लिए यह शुरुआत नहीं, बल्कि इस स्थल की विशिष्टता की पुष्टि है। शेखा झील पर कभी शांत बैठे बगुले के रूप में, कभी अबाबील जैसे शिकारी के रूप में और कभी दूर देश से आए प्रवासी पक्षियों की विभिन्न सुर लहरियों में जीवन के विविध आयाम सहज ही परिलक्षित होते हैं। यह इस बात का संकेत है कि पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय महत्व हमेशा जोर-शोर से अपने को प्रकट नहीं करते, बल्कि निश्छल जल की तरह धीरे से अपनी चमक बिखेर देते हैं। अभी पिछले वर्ष ही प्रशासन व नागरिक समाज के लोग झील पर जमी सूखी जलकुंभी साफ करने आए थे। बारिश आते-आते वह प्रयास झील में दिख रहे स्वच्छ जल और पक्षियों की बढ़ी हुई संख्या के रूप में सामने आया।

रामसर कन्वेंशन अपने साथ मात्र वैश्विक पहचान नहीं लाया है, वरन पर्यावरणीय संरक्षण व इसके सतत उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता लेकर आया है। करीब 40 हेक्टेयर में फैली यह आर्द्रभूमि अलीगढ़ से 17 किलोमीटर दूर है। प्रतिवर्ष 'बार हेडेड गूज, ग्रे लैग गूज' व 'नॉर्दर्न पिनटेल' जैसे प्रवासी पक्षी इसके शांत जल में जीवन की किलकारियां भरते हैं। यहां अब तक पक्षियों की 166 प्रजातियों की आमद दर्ज की गई है। मंडल के दूसरे जिले- एटा की जलेसर तहसील में 'पटना पक्षी विहार' को हाल में ही रामसर स्थल घोषित किया गया है। इससे यहां भी इको-टूरिज्म की संभावना बनी है।

इन स्थलों के विकास का उद्देश्य यह है कि सैलानी इन आर्द्रभूमियों का भ्रमण करें और प्राकृतिक परिवेश में विश्राम केंद्रों का सहज आनंद प्राप्त करें। अगर सावधानी से कार्य किया जाए, तो इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि इस क्षेत्र की सूक्ष्म प्राकृतिक संरचना भी बची रहेगी। हालांकि, इन सबके बीच मुख्य चुनौती इस बात की है कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या कहीं पक्षियों के सहज जीवन में व्यवधान न उत्पन्न करे। इसी तरह, समय-समय पर इन जल क्षेत्रों की सफाई और इनमें जलकुंभी के विस्तार को रोकना सतत चुनौती होगी। यहां निर्बाध जलापूर्ति भी संरक्षण का एक महत्वपूर्ण अंग होगा। शेखा झील आज एक सितारा बनकर उभरा है। अब इसकी चमक को और निखारने व आकर्षक बनाने की आवश्यकता है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)

मनसा वाचा कर्मणा

ओंकार का महत्व

एक साधक ने प्रश्न किया- 'बाबा, सत्य का सबसे बड़ा माध्यम क्या है?'

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति- यह वैदिक उद्घोष भारतीय दर्शन की उस गहराई को स्पर्श करता है, जहां शब्द अपनी सीमा स्वीकार करते हैं और अनुभव ही सत्य का एकमात्र माध्यम बन जाता है। वेद, उपनिषद और समस्त आध्यात्मिक परंपराएं जिस परम तत्व की ओर संकेत करती हैं, उसे पाने के लिए तपस्वी तप करते हैं, ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं और साधक जीवन भर साधना में निमग्न रहते हैं। उसी परम सत्य को संक्षेप में ॐ या ओंकार के रूप में अभिव्यक्त किया गया है।

ओंकार सृष्टि का मूल स्पंदन है। यह वह आद्य कंपन है, जिससे सृजन, पालन और संहार की प्रक्रियाएं प्रारंभ होती हैं। अ+उ+ म, इन तीन ध्वनियों का सम्मिलित रूप ओंकार है, जो ब्रह्म के त्रिविध आयामों का प्रतीक है। अ सृष्टि का आरंभ, उ उसका विस्तार और म उसका लय दर्शाता है। इस तरह ओंकार में संपूर्ण ब्रह्मांड की गति और प्रक्रिया समाहित है। यह 'सगुण ब्रह्म' की अभिव्यक्ति है, जबकि निर्गुण ब्रह्म उस परम अवस्था का प्रतिनिधित्व करता है, जो सभी गुणों, रूपों और शब्दों से परे है। यही कारण है कि ओंकार को निर्गुण और सगुण के बीच एक अद्भुत सेतु माना गया है।

वास्तव में ब्रह्म का अनुभव बौद्धिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है। इसे तर्क या भाषा से पूरी तरह व्यक्त नहीं किया जा सकता। हम केवल प्रतीकों और संकेतों के माध्यम से उसके निकट पहुंचने का प्रयास करते हैं। ओंकार ऐसा ही एक दिव्य प्रतीक है, जो उस अनंत सत्ता की झलक प्रदान करता है। यह केवल उच्चारण का विषय नहीं, बल्कि श्रवण का विषय है। उस सूक्ष्म नाद को सुनना, जो हमारे भीतर और ब्रह्मांड के विस्तार में निरंतर गूंजता रहता है। जब साधक बाहरी कोलाहल से हटकर अपने अंतर्मन में उतरता है, तब इस अनाहत नाद को अनुभव करता है। यही उसे मूल स्रोत से जोड़ देता है।

आध्यात्मिक साधना का सार इसी अनुभव में निहित है। साधक जब इस ध्वनि के प्रति संवेदनशील होता है, तब उसका मन स्थिर होने लगता है और चेतना विस्तार होने लगता है। यह प्रक्रिया आत्मा को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराती है। इस गूढ़ सत्य को सरल भाषा में समझाने के लिए रामायण का एक प्रसंग है। जब भगवान राम के चरणों के स्पर्श से नाव सोने की बन गई, तो नाविक की पत्नी हर वस्तु को सोना बनाने लगी। तब नाविक ने उसे समझाया कि वस्तुओं की अपेक्षा उन चरणों की शरण में जाना अधिक बुद्धिमानी है।

यह कथा सिखाती है कि बाहरी उपलब्धियों के पीछे भागने के बजाय मूल स्रोत से जुड़ना ही सच्चा ज्ञान है।

श्रीश्री आनंदमूर्ति

आध्यात्मिक साधना का सार इसी अनुभव में निहित है। साधक जब इस ध्वनि के प्रति संवेदनशील होता है, तब उसका मन स्थिर होने लगता है और चेतना का विस्तार होने लगता है।

पोप लिओ XIV | ईसाई धर्मगुरु

शिक्षण का अर्थ है, आंतरिक आजादी हासिल करने और आलोचनात्मक सोच के लिए खुद को तैयार करना। इस प्रक्रिया में, आस्था और तर्क न एक-दूसरे की उपेक्षा करते हैं और न विरोध। सत्य की खोज में दोनों को हमसफर होना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 06 मई, 1951

लोकतंत्री मोर्चे का भंग होना

अहमदाबाद में कांग्रेस महासमिति ने एकता का जो प्रस्ताव पास किया था, वह रंग लाने लगा है। नेहरूजी व मौलाना आजाद के प्रयत्नों से आचार्य कृपलानी तथा उनके साथियों ने लोकतंत्री मोर्चे को भंग करना स्वीकार कर लिया है।

हम इस बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय का स्वागत किये बिना नहीं रह सकते। इसके लिए न केवल नेहरूजी व मौलाना आजाद, वरन् आचार्य कृपलानी भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने सूझ से काम लेकर एकता की ओर ठोस कदम उठाया।

इस बात को तो सब स्वीकार करेंगे ही कि देश की वर्तमान डांवाडोल आर्थिक परिस्थितियों के समय हमें संगठित होकर उनका सामना करना है। यह समय राजनीतिक अखाड़ेबाजी का नहीं, समवेत प्रयत्नों से अपनी कमियों को दूर करने, वर्तमान का सामना करने और भविष्य को सुरक्षित बनाने का है। हमें आशा है कि कांग्रेस तथा लोकतंत्री मोर्चे ने एकता की ओर जो कदम उठाया है, उससे न केवल राजनीतिक विश्रृंखलता ही रुकेगी वरन् देश की आर्थिक भित्ति भी सुदृढ़ होगी।

काश्मीर की समस्या : भारत के विरोध के बावजूद अमरीका और उसके साथी काश्मीर में अपनी मनमानी करने पर तुले हुए हैं। गत सोमवार को सुरक्षा परिषद ने रूस की आपत्ति की पर्वाह न करते हुए एक अमरीकी नागरिक श्री फ्रांक ग्राहम को काश्मीर में नया संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया।

दूसरी ओर काश्मीर की जनता भी अपने अधिकारों के लिए उतनी ही दृढ़ है। जिस दिन सुरक्षा परिषद ने नये प्रतिनिधि की नियुक्ति की, उसी दिन काश्मीर में युवराज कर्णसिंह ने एक संविधान सभा की स्थापना की घोषणा की। जनता के मतों से निर्वाचित यह संविधान सभा ही काश्मीर के भविष्य का निर्णय करेगी। काश्मीर सरकार ने भारत सरकार से प्रार्थना की है कि वह संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधि को भारतीय काश्मीर में न घुसने दे और इस प्रकार आंग्ल-अमरीकी गुट की चाल विफल कर दे।

यहां यह उल्लेखनीय है कि इन दिनों ब्रिटेन व अमरीका में पाकिस्तान के प्रति अगाध स्नेह उमड़ पड़ा है। हाल में ही ब्रिटिश पत्रों ने नेहरूजी को उनकी काश्मीर-नीति के लिए जीभरकर कोसा है और उनकी तुलना चेम्बरलेन से की है, यही नहीं, उन्हें चेम्बरलेन से भी अधिक खतरनाक बताया है।

अनुलोम-विलोम

जनादेश 2026

भाजपा नब्ज पकड़ने में सफल रही

हालिया विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लोकतंत्र केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, रणनीतियों, नेतृत्व और सामाजिक समीकरणों का जटिल मिश्रण है। इस बार के नतीजों ने कई स्थापित धारणाओं को तोड़ा और नई राजनीतिक प्रवृत्तियों को जन्म दिया। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग वजहों से सत्ता-परिवर्तन हुआ है, लेकिन अगर गहराई से देखें, तो कुछ साझा कारक ऐसे रहे, जिन्होंने इन नतीजों को आकार दिया।

इनमें भाजपा द्वारा जनता की नब्ज पकड़ना उल्लेखनीय है। चुनाव अब केवल विकास या स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पहचान संस्कृति और भावनात्मक अपील तक व्यापक हो गए हैं। पश्चिम बंगाल में लंबे समय से सत्ता में रही सरकार के खिलाफ माहौल बना, लेकिन यह केवल सत्ता-विरोधी रुझान नहीं था। यहां एक ऐसा नैरेटिव तैयार किया गया। माछ-भात, झालमुड़ी और मां काली जैसे प्रतीकों के जरिये यह संदेश दिया गया कि स्थानीय परंपराओं का सम्मान केवल एक खास राजनीतिक विचारधारा ही कर सकती है। इसी तरह, ध्रुवीकरण भी इन चुनावों में बड़ा कारक रहा। यह केवल धार्मिक आधार पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान के स्तर पर भी हुआ। असम में इसका एक अलग रूप देखने को मिला और इसे कहीं अधिक व्यवस्थित तरीके से लागू किया गया।

इन चुनावी नतीजों का एक बड़ा कारक प्रशासनिक और संरचनात्मक बदलाव भी है। मतदाता सूचियों में संशोधन और परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं का असर नतीजों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटने का मुद्दा चर्चा में रहा, वहीं असम में परिसीमन के बाद सीटों का स्वरूप बदल गया, जिससे कई क्षेत्रों का राजनीतिक संतुलन प्रभावित हुआ। ये बदलाव तकनीकी लग सकते हैं, लेकिन इनका असर जमीन पर बहुत गहरा होता है। हालांकि, तमिलनाडु में जो हुआ, वह भारतीय राजनीति के लिए एक दिलचस्प मोड़ है।

यहां एक फिल्मी सितारे ने अपनी लोकप्रियता को राजनीतिक ताकत में बदल दिया। यह बदलाव जिस तेजी और पैमाने पर हुआ, उसने सबको चौंका दिया। इसका मतलब यही है कि आज का मतदाता पारंपरिक दलों से हटकर नए विकल्पों को मौका देने के लिए तैयार है। खासकर युवा ऐसे चेहरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उन्हें अलग लगता है। यह बदलाव आने वाले समय में अन्य राज्यों में भी देखने को मिल सकता है।

कांतिलाल मांडोत, टिप्पणीकार

जनता के मुद्दे पर मुखर हो विपक्ष

राजनीतिक विचारधारा की लोकप्रियता और अलोकप्रियता उनकी ग्राह्यता और उदारता से सर्वाधिक प्रभावित होती है। हठधर्मिता और आत्ममुग्धता अलोकप्रिय होने के बड़े कारण हैं। खासकर, जब नेतृत्व हठधर्मिता की जद में आ जाए, तो संभालना मुश्किल होता है। वह न तो अपनी गलतियां सुधारता है, न प्रतिद्वंद्वी की कुशलता को स्वीकार करता है। नतीजतन, न आगे की तैयारी हो पाती है, न पीछे का विश्लेषण।

पिछले कुछ वर्षों से भारत के तमाम राजनीतिक दलों, विशेषकर विपक्ष की स्थिति लगभग ऐसी ही रही है। कांग्रेस, वाम दल, सपा, राजद, टीएमसी- सबके लगभग एक जैसे राग हैं। चुनाव जीतने या हारने के बाद ये पार्टियां किसी भी मुद्दे पर बहुत अधिक दिनों तक मुखर नहीं दिखतीं और न ही किसी मुद्दे को निर्णायक बनाकर जनता से जुड़ पा रही हैं। बार-बार हारने के बाद भी उनको जनता से दूरी का एहसास नहीं हो रहा। इसका कारण यह है कि वे पराजय को स्वीकार नहीं कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के पास चूंकि संघ और आनुषंगिक संगठन के साथ लंबे समय से सत्ता में बने रहने की विशेष सुविधा है, इसलिए वह इससे उबर जाती है। यही कारण है कि आज राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा बन गया है कि कोई भी चुनाव हो, परिणाम आने के बाद जिम्मेदारियों से भागना राजनीतिक कौशल गिना जाने लगा है। यह दलों और नेताओं को महंगा पड़ रहा है।

वे चुनाव से पहले शॉर्टकट रास्ता खोजते हैं और फिर परिणाम विपरीत आने पर फिर से नए शॉर्टकट से निकल भागना चाहते हैं। किसी भी चुनाव के बाद एक ही आलाप! जीते तो खुद की पीठ थपथपाई और हारे तो धांधली का आरोप लगाकर जिम्मेदारी मुक्त हो गए।

देश में कोई संस्था नहीं बची है, जिस पर आरोप नहीं लगा है। किंतु इसका फायदा कब और क्या मिला? क्या जनांदोलन हो गया? दरअसल, ईवीएम, वोट चोरी जैसे मुद्दे जनता से नहीं जुड़ रहे। कार्यकर्ता भी नेता की 'हां' में 'हां' तो मिलाते हैं, लेकिन अंदर से टूट रहे हैं। आशाहीन और ऊर्जाहीन कार्यकर्ता सिर्फ भीड़ बन रहे हैं। उन्हें नेतृत्व से उम्मीद है, पर उनमें विश्वास नहीं। जबकि, पर्याप्त अवसर और बहुतेरे विकल्प बचे हैं। जहां कहीं थोड़ी मेहनत हुई, मुद्दे की राजनीति हुई, वहां दलों, क्षत्रपों ने पूर्णरूपेण अथवा आंशिक वापसी की है। यही कारण है कि आज राजनीतिक हितों के आरोप मुखर हैं और जनता के मुद्दे गौण। इसलिए फिलहाल देश में किसी बड़े राजनीतिक परिवर्तन की गुंजाइश नहीं दिख रही। जनता इसी अनुरूप जनादेश सुना रही है।

ओंकार कश्यप, टिप्पणीकार

विदेश से अपने परिवार को रकम भेजने में भारतीय सबसे आगे

उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने वर्ष 2024 में 137 अरब डॉलर से अधिक राशि विदेशों से धनप्रेषण के रूप में हासिल कर दुनिया में शीर्ष स्थान बरकरार रखा और वह 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला एकमात्र देश रहा।

संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसकी रिपोर्ट के अनुसार, भारत विदेशों से लगातार सबसे अधिक प्रेषण पाने वाला देश बना हुआ है। भारत के बाद मेक्सिको का स्थान है। वर्ष 2024 में भारत, मेक्सिको, फिलीपीन और फ्रांस वैश्विक स्तर पर धनप्रेषण पाने के मामले में शीर्ष चार देशों में शामिल रहे।

भारत का बज रहा डंका



■ आंकड़ा अरब डॉलर में

शीर्ष प्रेषण भेजने वाले देश

क्षेत्रीय स्तर पर दक्षिण एशिया में 2024 के दौरान प्रेषण में 11.8 प्रतिशत की सबसे तेज वृद्धि का अनुमान है। उच्च आय वाले देश इसके प्रमुख स्रोत बने हुए हैं। अमेरिका से 2024 में सर्वाधिक 100 अरब डॉलर से अधिक राशि दूसरे देशों को भेजी गई। उसके बाद सऊदी अरब (46 अरब डॉलर से अधिक), स्विट्जरलैंड (करीब 40 अरब डॉलर) और जर्मनी (लगभग 24 अरब डॉलर) का स्थान रहा।

100
अरब डॉलर से अधिक प्राप्त करने वाला पहला देश

6.2
लाख से अधिक छात्र अन्य देशों में कर रहे पढ़ाई

प्रवासी निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय प्रवासी समुदाय ने देश के तकनीकी क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासियो के विकास में योगदान को सुरक्षित रखने के लिए ब्रेन ड्रेन की चुनौती को ब्रेन गेन में बदलना जरूरी है। जब कुशल कामगार विदेश जाते हैं, तो मूल देश को मानव संसाधन का नुकसान हो सकता है, लेकिन सही नीतियों से ज्ञान का आदान-प्रदान संभव है जिससे दोनों देशों को लाभ होता है।

अंतरराष्ट्रीय छात्रों में एशिया का दबदबा

रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई देशों का अंतरराष्ट्रीय छात्रों में सबसे बड़ा हिस्सा है। 2022 में चीन से 10 लाख से अधिक छात्र विदेश गए, जिससे वह दुनिया का सबसे बड़ा स्रोत देश बना। भारत दूसरे स्थान पर रहा, जहां से 6.2 लाख से अधिक छात्र विदेश में पढ़ रहे थे। चीन और भारत के बाद संख्या में काफी गिरावट देखी गई—उज्बेकिस्तान (1.5 लाख), वियतनाम (1.34 लाख) और जर्मनी (1.26 लाख) इसके बाद आते हैं। वहीं अमेरिका, फ्रांस, नाइजीरिया, सीरिया और नेपाल से प्रत्येक के 95,000 से 1,15,000 छात्र विदेश में पढ़ रहे थे। दुनिया के आधे से अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका में रहते हैं।

प्रतिभाओं को वापस बुलाने की कोशिश

भारतीय प्रवासी समुदाय को देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया गया है। रिपोर्ट ने 'ब्रेन ड्रेन' की चुनौती को 'ब्रेन गेन' में बदलने के लिए नीतिगत उपायों की जरूरत पर भी बल दिया। भारत ब्रेन गेन के लिए प्रवासी सम्मेलनों और नवाचार केंद्रों का आयोजन करता है, ताकि भारतीय वैज्ञानिकों और उद्यमियों को वापस आने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

बाजार 30s

शेयर बाजार

सेंसेक्स		निफ्टी	
77,017	-251.61	24,032	-86.50

टॉप गेनर

कंपनी	बंद भाव	बदलाव%
एमएंडएम	3211.65	3.41
अल्ट्राटेक	11964.45	1.79

टॉप लूजर

आईसीआई बैंक	1251.45	-1.53
एटरनल	248.50	-1.37

टॉप गेनर

कंपनी	बंद भाव	बदलाव%
एमएंडएम	3,220.80	3.68
अल्ट्राटेक	11,939.00	1.54

टॉप लूजर

आईसीआई बैंक	1,250.90	-1.57
जिओ फाई.	249.00	-1.48

कमोडिटी

	भाव	बदलाव
सोना	1,52,500	-300
चांदी	2,51,000	+1500

करेंसी
डॉलर/रुपया
95.18 +0.05

साइबर सुरक्षा के लिए समझौता किया

नई दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिजिटल ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखकर यूआईडीएआई और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय ने एक समझौता किया है, जिसके तहत छह मुख्य क्षेत्रों पर काम किया जाएगा। यूआईडीएआई सीईओ विवेक चंद्र वर्मा ने कहा कि यह समझौता डिजिटल फोरेंसिक, साइबर सुरक्षा और उन्नत तकनीकी शोध के क्षेत्र में पांच वर्षों तक सहयोग उद्देश्य से किया गया है।

रुपया पांच पैसे बढ़कर 95.18 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले पांच पैसे की तेजी के साथ 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अबतक के सबसे निचले स्तर पर चला गया था लेकिन बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से इसमें सुधार आया। ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास बना हुआ है, जिससे रुपया दबाव में है।

कुमार मंगलम वोडाफोन के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी कंपनी वोडाफोन आइडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को कंपनी का नया गैर-कार्यकारी अध्यक्ष किया गया है। कंपनी ने कहा कि वह रविंदर टक्कर का स्थान लेंगे। टक्कर ने पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन अब वे गैर-कार्यकारी वाइस चेयरमैन के रूप में कुमार मंगलम बिड़ला को सहयोग देते रहेंगे। कंपनी पर भारी कर्ज और समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया को लेकर लंबे समय से वित्तीय दबाव बना हुआ है।

कर्ज वृद्धि में अल्पकालिक सुस्ती के आसार

मुंबई। बैंक क्षेत्र के दिग्गज दीपक पारेख ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं से बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र के सामने कोई बड़ा जोखिम नहीं है लेकिन कर्ज वृद्धि में अल्पकालिक सुस्ती आ सकती है। व्यापक वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं पर्याप्त पूंजी वाली बनी हुई है लेकिन वैश्विक परिस्थितियां नए ऋण की मांग तथा समग्र कारोबारी गति को प्रभावित कर सकती हैं।

भारतीय निवेश से रोजगार में वृद्धि

वॉशिंगटन। भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिससे रोजगार के करीब 70,800 अवसर उत्पन्न हुए। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीए) करीब 16.4 अरब डॉलर रहा जिससे करीब 70,800 नौकरियों को समर्थन मिला।

उच्चस्तरीय समिति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जल्द लागू हो सकता है फैसला

तैयारी: कृत्रिम पनीर की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगेगा

विशेष

■ प्रियंका शर्मा

नई दिल्ली। सरकार बाजार में बिकने वाले कृत्रिम पनीर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फैसला लिया है कि कम पोषण वाले और सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले दिखावटी पनीर को बाजार से पूरी तरह बाहर किया जाएगा। मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस मामले में बनी एक उच्चस्तरीय समिति ने अक्टूबर 2025 में इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया था, जिसे मार्च 2026 की बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। समिति का कहना था कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी उत्पादक देश है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में बड़ी मात्रा में सस्ता कृत्रिम पनीर बेचा जा रहा है। यह असली पनीर जैसा दिखता और स्वाद में मिलता-जुलता होता है, जिससे आम ग्राहक के लिए पहचान करना मुश्किल हो जाता है और वह भ्रमित होता है। इसी वजह से इसे बाजार से चरणबद्ध तरीके से हटाने की योजना बनाई जा रही है। वर्तमान में कृत्रिम पनीर की बिक्री पर पूरी तरह रोक नहीं है। देश में करीब 1,000 ऐसी कंपनियां या कारोबारी हैं, जिनके पास इसे बनाने का लाइसेंस है। नई नीति के तहत अब नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे और मौजूदा कंपनियों को अपना स्टॉक खत्म करने और उत्पादन बंद करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

कीमत में भारी अंतर

अधिकारियों के अनुसार, असली ब्रांडेड पनीर की कीमत करीब 450 रुपये प्रति किलो तक होती है, जबकि खुले में बिकने वाला कृत्रिम या बिना ब्रांड वाला पनीर 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिकता है।

11
अरब डॉलर के करीब पहुंच सकता है पनीर का बाजार

इसलिए पड़ी जरूरत

बीते कुछ समय से बाजार में 'कृत्रिम पनीर' का चलन तेजी से बढ़ा है। यह एक सस्ता विकल्प है, जिसे ताजे दूध की बजाय मुख्यत: पाम ऑयल, मिल्क पाउडर, स्टार्च और इमल्सीफायर्स से बनाया जाता है। यह दिखने और बनावट में असली पनीर जैसा होता है, लेकिन इसकी गुणवत्ता और पोषण मूल्य दूध से बने पनीर की तुलना में काफी कम होता है। यह कृत्रिम पनीर सस्ता होने के कारण कई रेस्तरां में उपयोग किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को भ्रम होता है।

लगातार बढ़ रहा बाजार

उत्तर भारत में खासतौर पर पनीर प्रोटीन का प्रमुख स्रोत माना जाता है। यही कारण है कि भारत का पनीर बाजार 10.8 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। मार्केट रिसर्च कंपनी आईएमएआरसी के अनुसार, वर्ष 2033 तक भारतीय पनीर बाजार के 22.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 8.7% रहने की संभावना है।

स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कृत्रिम पनीर में प्रोटीन की मात्रा बहुत कम और फैट बहुत ज्यादा होता है। इसके नियमित सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। इससे शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध पैदा हो सकता है, जो टाइप-2 डायबिटीज का कारण बन सकता है।

विदेशी निवेश मंजूरी के लिए 40 खास क्षेत्रों की पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने चीन समेत भारत के साथ जमीन सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश को तेज करने के लिए 40 अहम क्षेत्रों की पहचान की है, जहां प्रस्तावों को 60 दिनों के भीतर मंजूरी देने का लक्ष्य रखा गया है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इसके लिए एक स्पष्ट प्रक्रिया तय की है, जो चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान से आने वाले निवेश प्रस्तावों पर लागू होगी। सरकार का कहना है कि इन क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ये ज्यादातर उच्च तकनीक और विनिर्माण से जुड़े हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, उन्नत बैटरी, दुर्लभ खनिज, मशीन टूल्स और औद्योगिक पुर्जे जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा डिस्प्ले से जुड़े उपकरण, कैमरा मॉड्यूल, स्पीकर, माइक्रोफोन और पहनने वाले इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

नियंत्रण भारतीय कंपनियों के पास रहेगा : सरकार ने यह भी साफ किया है कि ऐसे निवेश में भारतीय कंपनियों पर नियंत्रण भारतीयों के पास ही रहेगा। यानी कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी और नियंत्रण भारतीय नागरिकों या भारतीय स्वामित्व वाली इकाइयों के पास होना जरूरी होगा। त किए जा सकेंगे।

मानक प्रक्रिया जारी

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों के निपटान के लिए जारी अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया के तहत अब सरकार सभी आवेदनों पर 12 सप्ताह के भीतर फैसला करेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अनुसार, इसमें आवेदकों के प्रस्तावों में कमियों को दूर करने या सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांगी गई अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराने में लगा समय शामिल नहीं होगा।

सख्त नियम : निवेश प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सख्त रिपोर्टिंग नियम भी तय किए गए हैं। निवेश करने वाले को अपनी हिस्सेदारी की पूरी जानकारी, असली मालिक का विवरण, कंपनी का ढांचा, निदेशक मंडल और प्रमुख अधिकारियों की जानकारी देनी होगी। साथ ही, जिस भारतीय कंपनी में निवेश किया जा रहा है, उसे भी अपने पंजीकरण और हिस्सेदारी से जुड़ी पूरी जानकारी देनी होगी।

चांदी 1,500 रुपये मजबूत, सोना टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई।

पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलेत निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

वाहनों की बिक्री के लिहाज से शानदार रहा अप्रैल माह

रिपोर्ट

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। ऑटोमोबाइल बाजार के लिहाज से अप्रैल महीना खासा उत्साहजनक रहा है। बीते महीने वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 12.94 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

हालांकि कुल बिक्री में मार्च के मुकाबले थोड़ी गिरावट देखी गई है लेकिन बिक्री की आंकड़ों को ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लोग बेहतर मानते हैं। मंगलवार को फाडा की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने देशभर में 26,11,317 वाहनों की बिक्री हुई है। जबकि बीते वर्ष की समान अवधि में 23,12,221 वाहन बिके थे। वहीं, मार्च 2026 में कुल 26,92,449 वाहनों की बिक्री हुई थी। छह में से पांच श्रेणी की वाहनों की बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि बीते महीने ग्रामीण क्षेत्र में वाहनों की अच्छी बिक्री हुई है। पैसेंजर वाहनों की ग्रामीण क्षेत्र में बिक्री 20.40 फीदी और शहरी क्षेत्र में 7.11 फीसदी तक बढ़ी है। कमर्शियल वाहनों की बिक्री के मामले में भी ग्रामीण बाजार आगे रहा है जबकि दोपहिया वाहनों की बिक्री में ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में तेजी देखी गई है।

ब्रिटेन में निर्मित रेंज रोवर के दाम घटाए

नई दिल्ली, एजेंसी। लक्जरी वाहन विनिर्माता जगुआर लैंडरोवर (जेएलआर) की भारतीय इकाई ने मंगलवार को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता लागू होने की संभावना को देखते हुए ब्रिटेन में निर्मित रेंज रोवर मॉडलों की कीमतों में 75 लाख रुपये तक की कटौती की घोषणा की।

जेएलआर इंडिया ने कहा कि पूरी तरह निर्मित इकाई के रूप में भारत आने वाले वाहनों की कीमतों में कटौती का प्रमुख लाभ रेंज रोवर एसवी और रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी मॉडलों को मिलेगा। इस कटौती के बाद रेंज रोवर एसवी मॉडल की शुरुआती शोरूम कीमत 4.25 करोड़ रुपये से घटाकर 3.5 करोड़ रुपये हो गई है।

महंगे तेल से कंपनियों पर दबाव बढ़ेगा: फिच

नई दिल्ली, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया।

रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय तेजी से घट सकती है। इसके अलावा बड़े स्तर पर भंडारण और अधिक रिफाइनिंग मात्रा के कारण कार्यशील पूंजी की जरूरत भी बढ़ेगी, जिससे मुक्त नकदी प्रवाह पर दबाव आएगा। फिच रेटिंग्स ने कहा कि यदि 2026 में ब्रेंट क्रूड औसतन 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहता है, तो केवल रिफाइनिंग पर आधारित कंपनियां बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं, जबकि खुदरा ईंधन कीमत नियंत्रण से प्रभावित कंपनियां दबाव में रहेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कंपनियों की रेटिंग अब भी सरकार या सरकारी स्वामित्व से जुड़ी हुई है, जिससे कमजोर स्वतंत्र क्रेडिट प्रोफाइल का असर सीमित रहता है। सरकार की नीतियां और मूल्य स्थिरीकरण तंत्र इस क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाते रहेंगे।

भारत झटकों से निपटने में बेहतर स्थिति में: मूडीज

नई दिल्ली। भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसके बड़े विदेशी मुद्रा भंडार ने वैश्विक झटकों के दौरान मुद्रा की अस्थिरता को नियंत्रित करने तथा विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। साख तय करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि स्पष्ट एवं भरोसेमंद मौद्रिक नीति रूपरेखा, मुद्रास्फीति अपेक्षाओं का स्थिर रहना और जरूरत पड़ने पर विनिमय दरों का समायोजित हो पाना, इन सभी कारणों से भारत भविष्य के झटकों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट संभव

समरकंद (उजबेकिस्तान), एजेंसी। पश्चिम एशिया में तनाव के दुष्प्रभावों की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 0.6 प्रतिशत घटकर 6.3 प्रतिशत रह सकती है और महंगाई में भी खासी बढ़ोतरी हो सकती है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने मंगलवार को कहा कि यह आकलन एडीबी के मॉडल-आधारित परिदृश्य पर आधारित है और अगले वित्त वर्ष में वृद्धि पर इसका नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। भारत की अर्थव्यवस्था अगले वर्ष फिर संभल सकती है।

किरण मजूमदार ने भतीजी को उत्तराधिकारी बनाया

चर्चा में चेहरा

किरण मजूमदार

क्लेयर मजूमदार

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की प्रमुख बायोटेक्नोलॉजी कंपनी बायोकॉन की चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है और कंपनी की कमान युवा पीढ़ी को हाथ सौंपने की तैयारी कर ली है। उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है।

चार दशक से अधिक पहले बायोकॉन की स्थापना करने वाली किरण मजूमदार-शॉ निःसंतान हैं। एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं बायोकॉन की एकमात्र मालकिन हूं और मुझे यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी सही हाथों में जाए। इसलिए मैंने अपनी भतीजी क्लेयर को अपना उत्तराधिकारी चुना है, क्योंकि उन्होंने साबित कर दिया है कि वह एक कंपनी बहुच अच्छी तरह से चला सकती हैं। किरण मजूमदार के अनुसार, उनकी कोशिश है कि बायोकॉन को विकास के नए चरण तक ले जाया जाए। कंपनी का ध्यान एडवांस बायोटेक और एआई की मदद से विकास करने पर है।

उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में क्लेयर के भाई एरिक मजुमदार और क्लेयर के पति थॉमस रॉबर्ट्स बायोकॉन की पारिवारिक पृष्ठभूमि को मजबूत करेंगे। बॉयोकान की स्थापना बैंगलुरु में साल 1978 में हुई थी। यह फार्मा सेक्टर की अग्रणी कंपनी है, जिसका मौजूदा बाजार पूंजीकरण करीब 60 हजार करोड़ रुपये के आसपास है। यह कंपनी सिर्फ भारत ही नहीं, कई और देशों में अपना कारोबार करती है।

कौन हैं क्लेयर

क्लेयर बिकारा थेरप्टिक्स नाम की एक अमेरिकी बायोटेक्नोलॉजी कंपनी की कमान संभालती हैं, जिसे बायोकॉन ने ही वित्तीय मदद देकर तैयार किया है। 2024 में नैस्डैक पर सूचीबद्ध हुई बिकारा का कुल बाजार पूंजीकरण 1.6 अरब डॉलर से अधिक है। क्लेयर ने अमेरिका के एमआईटी से बायोलॉजिक इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। साथ ही एमबीए की डिग्री हासिल की। इतना ही नहीं स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन से कैंसर बायोलॉजी में डॉक्टरेट की उपाधि भी ली।

कॉरपोरेट कॉर्नर

पंजाब नेशनल बैंक ने 220 स्थानों पर मेगा एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया। एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र के नेतृत्व में हुए इस अभियान में कार्यकारी निदेशकों व वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर उद्यमियों को वित्तीय समाधान से जोड़ने का प्रयास किया।

उत्तर रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कुलतार सिंह 35 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। बड़ौदा हाउस स्थित मुख्यालय में आयोजित समारोह में उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक हर्ष खरे ने उनके योगदान की सराहना की और सम्मानित किया। समारोह में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आरईसी ने ₹16,282 करोड़ का सर्वाधिक मुनाफा दर्ज किया

नई दिल्ली। आरईसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में ₹16,282 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित किया। कंपनी ने ₹18.55 प्रति शेयर का कुल लाभांश भी घोषित किया। ऋण पोर्टफोलियो ₹5.84 लाख करोड़ के उच्च स्तर पर पहुंचा, जबकि एनपीए लगभग शून्य (0.12%) रहा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ऋण बढ़कर ₹75,347 करोड़ हो गया। मजबूत वित्तीय स्थिति और सतत विकास रणनीति ने इसे प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों में अग्रणी बनाए रखा।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने बढ़ती एलपीजी मांग के बीच आपूर्ति बनाए रखी

मुंबई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने देशभर में बढ़ती एलपीजी मांग के बीच मजबूत प्रबंधन से आपूर्ति सुचारु रखी। 1 से 28 अप्रैल के बीच 349 लाख सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि 28 अप्रैल को 13.8 लाख सिलेंडर की आपूर्ति हुई। कंपनी ने 2,06,985 टैंकरों की तैनाती कर वितरण तंत्र को मजबूत किया। डिजिटल बुकिंग प्रणाली के माध्यम से 99.3 प्रतिशत ऑर्डर ऑनलाइन प्राप्त हुए। निगरानी बढ़ाते हुए 6,150 निरीक्षण और कई कार्रवाई की गईं।

दिलीप कुमार बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

नई दिल्ली। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी का पद संभाल लिया है। उन्हें रेलवे में ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन का 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन में राजेश अग्रवाल बने निदेशक

नई दिल्ली। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने राजेश कुमार अग्रवाल को 23 अप्रैल 2026 से निदेशक (वित्त) नियुक्त किया है। इससे पहले वे पीएफसी में कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे। उन्हें ऊर्जा और वित्त क्षेत्र में 31 वर्षों से अधिक का अनुभव है। इससे पूर्व एनटीपीसी, एनपीसीआईएल और डीटीएल में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

पीएसई में कोचिंग पर स्कोप-आईसीएफ का बड़ा अध्ययन शुरू

नई दिल्ली। सार्वजनिक उपक्रमों के शीर्ष संगठन स्कोप और इंटरनेशनल कोचिंग फेडरेशन (आईसीएफ), अमेरिका ने भारतीय पीएसई में कोचिंग की स्थिति पर एक व्यापक अध्ययन शुरू किया है। इसका उद्देश्य वर्तमान कोचिंग प्रणाली और संगठनात्मक संस्कृति को समझना है। अध्ययन के आधार पर एक ऐसा ढांचा तैयार किया जाएगा, जिससे पीएसई में आंतरिक कोचिंग क्षमता विकसित की जा सके। इसके लिए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़े जुटाए जाएंगे।

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री तोखन साहू एवं सचिव श्रीनिवास कातिकीथला सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहरी चुनौती निधि और शहरी निवेश खिड़की पहल पर संगोष्ठी आयोजित हुई।

बीआईएस ने सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए

नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो ने सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। बैसाखी, चलने की छड़ी, बहु-पैर वाली छड़ी, व्हीलचेयर के लिए पोर्टेबल रैंप तथा ब्रेल संकेत और स्पर्शनीय मार्गदर्शिका मानचित्र शामिल हैं। ये मानक सुरक्षा, प्रदर्शन और गुणवत्ता से जुड़े दिशा-निर्देश तय करते हैं। यह पहल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की एनएलईएपी योजना के तहत तकनीकों के विकास और दिव्यांगजनों तथा बुजुर्गों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

दैनिक जागरण

शिक्षा में किया निवेश जीवनपर्यंत प्रतिफल प्रदान करता है

आदत से लाचार राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की समस्याओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साथ ही गृह मंत्री अमित शाह को जिस तरह गद्दार करार दिया, उससे एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ कि उन्हें रह-रह कर कुछ बेतुके, आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान देने की आदत पड़ गई है और वे इस आदत से लाचार भी हो गए हैं। विशेष बात यह है कि वे कई बार अपने भोंडे और ओछे बयान दोहराते भी रहते हैं और यह प्रतीति भी कराते हैं मानो उन्होंने कोई बहादुरी का काम कर दिखाया हो। उन्होंने गद्दार वाले अपने बयान को दोहराते हुए कहा, 'आरएसएस वालों सुन लो, मैं कभी माफी नहीं मांगूंगा। मैं फिर कहता हूं कि मोदी और शाह गद्दार हैं, क्योंकि उन्होंने संविधान पर हमला किया है।' संविधान खतरे में है, उनका पुराना जुमला है। इसे वे जाने कितनी बार दोहरा चुके हैं। इसी तरह वे एक समय चौकीदार चोर है... का जुमला दोहराते थे। वे प्रधानमंत्री को सैनिकों के खून की दलाली करने वाला और न जाने क्या-क्या कह चुके हैं। हालांकि राहुल गांधी के ऐसे अशोभनीय बयान उन पर ही भारी पड़े हैं, लेकिन वे कुछ समझने के लिए तैयार नहीं।

ऐसा लगता है कि अपनी राजनीतिक विफलताओं से हताश और कुंठित होकर राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए हैं कि प्रधानमंत्री को गाली देने से उनकी लोकप्रियता बढ़ जाएगी और वे राजनीतिक रूप से उनका मुकाबला करने में सक्षम हो जाएंगे। अभी तक तो ऐसा हुआ नहीं और आगे भी नहीं होगा, क्योंकि ओछी और अपमानजनक बयानबाजी विरोध अथवा आलोचना का पर्याय नहीं हो सकती। समस्या यह है कि राहुल यह साधारण सी बात समझने को तैयार नहीं कि राजनीति की अपनी एक भाषा होती है और आलोचना-निंदा का यह मतलब नहीं होता कि किसी के प्रति अशोभनीय टिप्पणियां की जाने लगें। चूंकि वे अपने आगे किसी को कुछ नहीं समझते, इसलिए इसकी अपेक्षा भी नहीं की जा सकती कि वे किसी से कुछ सीखेंगे, लेकिन कम से कम उन्हें अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा से तो यह सीखना ही चाहिए कि शब्दों की मर्यादा लांघे बिना प्रधानमंत्री अथवा उनके सहयोगियों की कड़ी आलोचना कैसे की जा सकती है? इसमें कोई संदेह नहीं कि राहुल की तुलना में प्रियंका कहीं अधिक प्रभावी वक्ता हैं। राहुल अपने बेतुके बयानों से चर्चा में अवश्य आ जाते हैं, लेकिन इससे उन्हें राजनीतिक रूप से कुछ हासिल नहीं होता। उनकी छवि अक्खड़, अशिष्ट और अगंभीर नेता के रूप में ही अधिक उभरती है। उनकी एक समस्या यह भी है कि वे ऐसे नेताओं से घिरे हैं, जो उनके हर बेतुके बयान की केवल वाह-वाही ही नहीं करते, बल्कि उनमें इसके लिए होड़ भी मचती है कि कौन कितनी अधिक अशिष्ट बयानबाजी कर सकता है।

जीवन होगा आसान

बिहार में सम्राट चौधरी सरकार ने सात निश्चय (तीन) के अंतर्गत सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य पर काम शुरू कर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि विकास का वास्तविक अर्थ जनता की खुशहाली और सम्मान से जुड़ा है। पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर इसका सकारात्मक उदाहरण है। राशन कार्ड, पेंशन, प्रमाण पत्र, जमीन विवाद और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अक्सर लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती रही हैं। ऐसे में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर प्रशासन को जनता के दरवाजे तक पहुंचाने की पहल सराहनीय है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा और लोकतंत्र की भावना मजबूत होगी। हालांकि इसके पहले भी जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी जाती थीं, लेकिन उनका समुचित निदान कम ही हो पाता था। मंत्री से लेकर जिला और प्रखंड स्तर के अधिकारियों तक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह तय किया गया है कि शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान अधिकतम 30 दिनों में करना होगा। व्यवस्था प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करने वाली है। क्रियान्वयन के जरिये जनता में यह भरोसा पैदा करना होगा कि सरकार उनका जीवन बेहतर बनाने के प्रति गंभीर है। सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित होने से काम में भी तेजी आएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस तरह की व्यवस्था के फिर से लागू होने से लोगों की अनेक प्रकार की शिकायतों का समाधान संभव होगा।

> लोकतंत्र की सफलता केवल योजनाएं बनाने में नहीं, बल्कि उनको जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में है

विकृत सोच से उपजा सनातन विरोध

निरंजन कुमार

यह विडंबना ही हैं कि जो सनातन परंपरा अपने मूल में सर्वाधिक सहिष्णु, उदार और समावेशी हैं, उसी पर सर्वाधिक प्रहार किया जाता हैं

अवधेश राजपूत

वैश्विक विचार श्रृंखला को भारत की एक अनुपम भेंट है- सनातन धर्म, जो मूल रूप से समावेशी, सहिष्णु, शांतिप्रिय और सर्वकल्याणकारी है। दुर्भाग्य से विदेशी विचारधाराओं ने सनातन धर्म के विरुद्ध एक मुहिम छेड़ रखी है। इन विदेशी षड्यंत्रों के प्रभाव और राजनीतिक स्वार्थों के वशीभूत भारत में भी कुछ राजनीतिक दलों और तथाकथित बुद्धिजीवियों ने सनातन धर्म के विरुद्ध मोर्चा खोला हुआ है। इसका ताजा उदाहरण है पिछले दिनों तमिलनाडु विधानसभा में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन का विषवमन कि सनातन को मिटा देना चाहिए। उनके अनुसार सनातन समाज को बांटता है। पहले भी उदयनिधि या ऐसे लोग सनातन विरोधी बयान देते रहे हैं। ऐसे खतरनाक वक्तव्यों के पीछे दुर्भावना और राजनीतिक स्वार्थ के साथ ही सनातन धर्म को लेकर एक विकृत समझ भी है।

'सनातन' शब्द का निर्माण संस्कृत भाषा की 'सद' धातु से हुआ है। पाणिनि सूत्र के अनुसार 'सद' धातु पर 'नुम्' प्रत्यय लगकर 'सना' शब्द बनता है, जिसका अर्थ है 'शाश्वत' या 'सदा रहने वाला' जबकि 'तन' का अर्थ है विस्तारित। इस प्रकार सनातन का अर्थ है-जो शाश्वत रूप से विस्तारित और प्रवाहित है। कहा भी गया है, 'सनातनस्य धर्मः इति सनातन धर्मः' अर्थात् जो सदा से है और सदा रहेगा, वही सनातन है। इसका न कोई आदि (शुरुआत) है और न अंत। सनातन विरोधियों को समझ लेना चाहिए कि जिस सनातन धर्म का कोई आदि और अंत नहीं, जो शाश्वत और चिरंतन है, उसे मिटाने या नष्ट करने की कल्पना एक दिवास्वप्न ही है। अतीत में भी सिकंदर, मिहिरकुल, मोहम्मद गोरी, महमूद गजनवी, खिलजी, चंगेज खां, तैमूर लंग, बाबर, औरंगजेब आदि ने भी सनातन धर्म-संस्कृति को मिटाने का प्रयास किया, लेकिन आज भी सनातन धर्म अपराजेय खड़ा है।

सनातन की चिरंतनता का आधार है कुछ ब्रह्माण्डीय नियम, जो सार्वदेशिक, सर्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। ये नियम हैं-सत्य, कर्म, कर्तव्य, नैतिकता, सदाचार, सर्वकल्याण, सहिष्णुता, प्रकृति-पूजा और भक्ति इत्यादि। अर्थात सनातन केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र पद्धति भी है। सनातन धर्म से इस्लाम या ईसाइयत आदि रिलीजन या मजहब काफी अलग हैं, जो एक पैगंबर, एक किताब या एक विशिष्ट पूजा-उपासना पद्धति पर आधारित हैं और अन्य को स्वीकार नहीं करते। जबकि सर्वसमावेशी सनातन धर्म में सभी के कल्याण की कामना के साथ समूची पृथ्वी को ही अपना परिवार मानने की परंपरा रही है। फिर भी, दुर्भावनावश सनातन धर्म को विभाजनकारी या भेदभावपूर्ण कहा जाता है? इस सनातन धर्म को बाद में हिंदू धर्म भी कहा जाने लगा। समय के साथ इसमें जाति प्रथा जैसी कुछ बुराइयां भी प्रविष्ट कर गईं, जिनका आंतरिक स्तर पर विरोध भी हुआ। ऐसे में कुछ बुराइयों के कारण संपूर्ण सनातन धर्म को ही मिटा देने की बात करना घोर निंदनीय है।

वहीं, पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर युवाओं का रुख बेहद सख्त दिखाई दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए आपरेशन सिंदूर का युवाओं ने खुलकर समर्थन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई और सिंधु जल संधि को रोकने के फैसले को भी सही बताया गया। रिपोर्ट में चीन के साथ सीमा तनाव और पाक से होने वाले आतंकवाद को देश की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में गिना गया। इस सर्वेक्षण ने साफ कर दिया कि भारत का युवा अब दुनिया को नए नजरिये से देख रहा है। उसे लगता है कि बदलती वैश्विक राजनीति में भारत किनारे खड़ा देश नहीं, बल्कि खेल बदलने वाली ताकत बन चुका है।

भारत के ज्यादातर युवा देश को दुनिया की एक बड़ी ताकत के तौर पर देख रहे हैं और उनका मानना है कि मौजूदा विदेश नीति सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हाल ही में विदेश नीति पर किए गए एक सर्वेक्षण में युवाओं ने संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं पर भरोसा जताया है और भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया।

युवा ब्रिक्स को भी पश्चिमी देशों के प्रभाव वाले वैश्विक ढांचे के विकल्प के रूप में देख रहे हैं। यानी अब देश के युवा सिर्फ नौकरी, पढ़ाई और इंटरनेट मीडिया तक सीमित नहीं है। वह दुनिया की राजनीति, देशों के रिश्तों और भारत की बढ़ती ताकत को भी बारीकी से समझ रहे हैं। यही तस्वीर सामने आई है द आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की नई रिपोर्ट 'फारेन पालिसी सर्वे : यंग इंडिया एंड द मिडिल ईस्ट' में। सर्वेक्षण में देश के 19 शहरों के 18 से 35 वर्ष के पांच हजार से ज्यादा युवाओं से हुई बातचीत को शामिल किया गया है।

पश्चिम एशिया बनेगा तरक्की का आधार : सर्वेक्षण में सबसे दिलचस्प बात यह सामने आई है कि भारत के युवा पश्चिम एशिया को अब सिर्फ तेल और व्यापार का इलाका नहीं मानते। उनके लिए यह क्षेत्र भारत की तरक्की, तकनीक और वैश्विक साझेदारी का नया दरवाजा बन चुका है। युवाओं का मानना है कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा और चार देशों के रणनीतिक गठबंधन आइ2यू2 जैसे बड़े प्रोजेक्ट आने वाले समय में भारत को पश्चिम एशिया से और मजबूती से जोड़ेंगे। रिपोर्ट में यूएई ज्यादा चर्चा में रहा। युवाओं ने माना कि यूएई के साथ भारत की दोस्ती अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार दे सकती है। भारत-यूएई आर्थिक समझौते को युवाओं ने फायदे का सौदा बताया।

डिफाल्टर के मोबाइल फोन को डिसेबल नहीं कर सकेंगे बैंक

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ ने बुधवार को कहा कि बैंक पर्सनल, कार या होम लोन की रिकवरी के लिए डिफाल्टर के मोबाइल फोन को डिसेबल या प्रतिबंधित नहीं कर सकते हैं। हालांकि, बैंकों को उस मोबाइल डिवाइस को प्रतिबंधित या डिसेबल करने की अनुमति होगी, जिसे बैंक ने स्वयं फाइनेंस किया है। केंद्रीय बैंक इन नियमों को 1 अक्टूबर, 2026 से लागू करने का प्रस्ताव कर रहा है।

केंद्रीय बैंक ने लोन की बकाया राशि की रिकवरी और रिकवरी एजेंसियों को काम पर रखने के मामलों से जुड़े सख्त नियम प्रस्तावित किए है। ये नियम उधारकर्ताओं के उत्पीड़न की शिकायतों के बीच लाए गए हैं, जिसमें इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के जरिये उत्पीड़ने और गाली-गलौज का इस्तेमाल शामिल है। आरबीआइ ने प्रस्ताव दिया है, "कोई भी बैंक ऐसा कोई तकनीक आधारित तरीका नहीं अपनाएगा, जो किसी उधारकर्ता के मोबाइल डिवाइस की कार्यक्षमता को प्रभावित करे। बैंक ऐसा तभी कर सकेंगे जब उसे डिवाइस के फाइनेंस से जुड़े लोन की बकाया राशि की रिकवरी करनी हो।' बैंक तब तक डिवाइस को ब्लाक नहीं कर सकेंगे जब तक कि संबंधित लोन 90 दिनों से ज्यादा समय से बकाया नहीं हो गया हो। आरबीआइ ने कहा कि गलत तरीके से प्रतिबंध लगाने या हटाने में देरी होने पर बैंक को उधारकर्ता को उस समय तक 250 रुपये प्रति घंटे की दर से मुआवजा देना होगा, जब तक कि उस गलत कार्रवाई को ठीक नहीं कर दिया जाता है। बैंक ने लोन की रिकवरी व रिकवरी एजेंटों को काम पर रखने मामलों में भी संशोधित मसौदा निर्देश जारी किए हैं।

- आरबीआइ ने लोन की रिकवरी से जुड़े सख्त नियम प्रस्तावित किए
- केंद्रीय बैंक का इन नियमों को 1 अक्टूबर से लागू करने का प्रस्ताव

बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट के रिकार्ड स्तर पर रही

नई दिल्ली, प्रेट्र: बढ़ती गर्मी के चलते देश में बिजली की अधिकतम मांग बुधवार को 265.44 गीगावाट के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। इसने मंगलवार को बने पिछले रिकार्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 257.37 गीगावाट तक पहुंच थी और मंगलवार को बिजली की मांग बढ़कर 260.45 गीगावाट हो गई थी।

बुधवार को 15:45 बजे, बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। बिजली मंत्री मनोहर लाल ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर बताया कि यह लगातार तीसरा दिन है जब बिजली की अधिकतम मांग एक नए उच्चस्तर पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंच जाएगी।

केजी बेसिन मामले को लेकर सुनवाई रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

नई दिल्ली, प्रेट्र: रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) और दो विदेशी कंपनियों ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि वे कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन गैस स्थानांतरण विवाद में मध्यस्थता के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगी, तब तक सुनवाई रोक दें। इस पर कोर्ट ने सुनवाई रोकने से इन्कार कर दिया।

यह मामला प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची तथा जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष रखा गया। कंपनियों की ओर से पेश वकील ने शीर्ष न्यायालय को बताया कि सभी याचिकाकर्ता आज केंद्र सरकार को मध्यस्थता के लिए पत्र लिखेंगे। हम निवेदन कर रहे हैं कि पहले मध्यस्थता का प्रयास किया जाए। वकील ने पीठ से अनुरोध किया कि मध्यस्थता का परिणाम आने तक मामले की सुनवाई रोक दी जाए। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मामले में सुनवाई जारी रखने का अनुरोध किया। अटार्नी जनरल ने कहा कि यदि इस बीच कुछ होता है, तो हम अदालत को सूचित करेंगे। पीठ ने सुनवाई रोकने से इन्कार करते हुए कहा कि पक्षकार मध्यस्थता के परिणाम से उसे अवगत करा सकते हैं। पीठ ने कहा कि अगर आप मध्यस्थता में सफल होते हैं तो बहुत अच्छी बात है। तब हम मामले का निपटारा कर देंगे।

- आरआइएल व दो अन्य कंपनियों ने कहा मध्यस्थता के लिए केंद्र को पत्र लिखेंगे

प्रतीकात्मक

निर्मला ने अमेरिकी राजदूत से की मुलाकात, आर्थिक संबंधों की मजबूती पर चर्चा

नई दिल्ली, प्रेट्र: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों ने भारत-अमेरिका आर्थिक और वित्तीय साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'दोनों ने भारत-अमेरिका आर्थिक और वित्तीय साझेदारी को मजबूत करने, भारत-अमेरिका वित्तीय प्रौद्योगिकी सहयोग, निवेश के अवसरों और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।' इसमें यह भी कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने गोर को आगामी 250वें अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

अमेरिकी प्रशासन भारतीय कंपनियों को अमेरिका में निवेश करने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि दोनों देशों को इसका लाभ मिल सके। इससे दोनों देशों के संबंधों को नया आयाम मिलेगा।

'वर्क फ्राम होम' पर भेज दिग्गज कंपनी मेटा ने की आठ हजार कर्मचारियों की छुट्टी

नई दिल्ली, आइएएनएस : तकनीकी दुनिया की दिग्गज कंपनी 'मेटा प्लेटफार्म्स' से एक बेहद भावुक और परेशान करने वाली खबर सामने आई है। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने बुधवार से अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग 10 प्रतिशत यानी लगभग आठ हजार कर्मचारियों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह फैसला कंपनी के उस व्यापक पुनर्गठन का हिस्सा है, जिसके तहत मेटा अब खुद को पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के सांचे में ढालने जा रही है। अचानक आए इस फैसले से हजारों घरों के चूल्हे प्रभावित हुए हैं। छंटनी के दिन उत्तर अमेरिकी कर्मचारियों को घर से काम करने (वर्क फ्राम होम) के लिए कहा गया था, ताकि दफ्तरों में असहज स्थितियों से बचा जा सके।

एआइ-आधारित बदलाव और कर्मचारियों का भविष्य : मेटा की एचआर प्रमुख जेनेल गेल ने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक ई-मेल में इस दर्दनाक फैसले के पीछे की वजह स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि कई टीमों को 'एआइ-नेगेटिव सिद्धांतों' के आधार पर फिर से तैयार किया जा रहा है, ताकि कंपनी की संरचना को छोटा, तेज और अधिक जवाबदेह बनाया जा सके। इस छंटनी के बीच एक राहत भरी खबर यह भी है कि मेटा के आंतरिक दस्तावेजों के अनुसार, लगभग सात हजार कर्मचारियों की नौकरी पूरी तरह खत्म नहीं की जा रही है, बल्कि उन्हें कंपनी के भीतर ही नए एआइ-केंद्रित भूमिकाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है।

भविष्य की तैयारी: एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भारी निवेश : मेटा का यह कदम उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह एआइ के क्षेत्र में अपनी बादशाहत कायम करना चाहती है। कंपनी ने साल 2026 के लिए अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 125 अरब डालर से 145 अरब डालर के बीच रहने का अनुमान लगाया है। यह भारी-भरकम बजट मुख्य रूप से एआइ डाटा केंद्रों, कस्टम चिप्स और माडल ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। इस बीच, सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहाकि इस प्रक्रिया में एकत्र किया गया डाटा केवल एआइ प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए है, न कि किसी की निगरानी के लिए।

- फैसला कंपनी के व्यापक पुनर्गठन का हिस्सा, अब खुद को पूरी तरह एआइ के सांचे में ढालने जा रही है मेटा

प्रतीकात्मक

उस सुख का क्या महत्त्व, जो थोड़ी या बहुत
वेदना के मूल्य पर नहीं खरीदा गया।

– मार्गरेट ओलीफे

परेशानी का पारा

उत्तर और पश्चिमी भारत में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। कई राज्यों में तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। हाल में कुछ राज्यों में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन अब आसमान से फिर आग बरसने लगी है। दिन में लू चल रही है और रात में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। कृत्रिम उपकरणों के जरिए राहत पाने के लिए बिजली की मांग में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। जाहिर है कि आने वाले दिनों में तापमान और ज्यादा बढ़ने से आम लोगों की परेशानी भी बढ़गी। मगर सवाल है कि हर साल गर्मी, सर्दी और आंधी-बारिश के क्रम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव क्यों आ रहा है? मौसम चक्र में इस बदलाव की वजह क्या है? क्या इसके पीछे प्राकृतिक कारण हैं या फिर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियां इसके लिए जिम्मेदार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीते मंगलवार को पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर-पश्चिमी हवाएं राजस्थान के थार रेगिस्तान और मध्य पाकिस्तान के कुछ हिस्सों से दिल्ली की ओर बह रही हैं। विशाल शुष्क क्षेत्रों से गुजरते हुए ये हवाएं दिल्ली पहुंचते-पहुंचते बेहद शुष्क हो जाती हैं, जिससे गर्मी सतह के करीब बनी रहती है। इस बीच दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7,776 मेगावाट से ज्यादा हो गई है, जो हाल के वर्षों की तुलना में मई में तेज वृद्धि को दर्शाती है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे, कूलर और एसी यानी एअर कंडीनशर का इस्तेमाल करते हैं। मगर इस बात पर गौर नहीं किया जाता कि एसी से निकलने वाली हानिकारक गैसों से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, वहीं इनकी वजह से स्थानीय तापमान में भी बढ़ोतरी होती है। यानी जिन उपकरणों से घर को ठंडा रखने की कोशिश की जाती है, वही तापमान बढ़ने का कारण भी बनते हैं।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी, सर्दी, बारिश और बाढ़ की चरम स्थितियां जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ताप की वजह से पैदा हो रही हैं। इससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है। वनों की कटाई, शहरों में कंक्रीट के जंगलों का बढ़ता दायरा, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से पर्यावरण में लगातार बदलाव हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तापमान सामान्य से अधिक हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियों को सीमित करने और चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। हाल में उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने और सटीक पूर्वानुमान को लेकर अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। राज्य में इस दौरान चौबीस घंटों के भीतर सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। बहरहाल, अभी गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में 24 मई तक लू की स्थिति बनी रहेगी।

सुरक्षा की फिक्र

उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंची-ऊंची चोटियों और धार्मिक स्थलों की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्ध है। पर्यटन का कारोबार राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। खासकर चार धाम यात्रा के लिए यहां साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उस लिहाज से व्यवस्थागत ढांचे का विस्तार नहीं हो पाया है। पहाड़ी प्रदेश होने की वजह से यहां के मौसम में अचानक बदलाव आने से भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाएं आम बात है। ऐसे में पर्यटकों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकाप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं। ऐसी ही एक घटना बुधवार सुबह हुई, जब बदरीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकाप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकाप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि उसमें सवार यात्री सुरक्षित हैं।

उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मगर सवाल है कि सरकार की ये कदम क्या सिर्फ राजस्व अर्जित करने तक सीमित हैं, या पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को भी केंद्र में रखा जाता है? यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि पहाड़ी प्रदेश होने के नाते क्षेत्रीय मौसम में बदलाव का स्टीक पूर्वानुमान लगाने की व्यवस्था हो, ताकि पर्यटकों और परिवहन एजंसियों को पहले ही संभावित खतरे से सतर्क किया जा सके। इससे पहले भी चार धाम यात्रा मार्ग पर हेलिकाप्टरों के हादसे का शिकार होने की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर ऐसा लगता है कि इन हादसों से शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हालांकि, सरकार की ओर से धार्मिक यात्रा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है, लेकिन जब तक इसे कड़ाई से लागू नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में आमूल-चूल सुधार नहीं हो पाएगा।

रणनीतिक साझेदारी का संकल्प

ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। द्विपक्षीय संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहे हैं।

नरेंद्र मोदी

जार्जिया मेलोनी



भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। ये संबंध अब केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक एवं संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। ये संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहे हैं, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि इक्कीसवीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपर कंप्यूटर तकनीक को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, नवाचार, एक सौ से अधिक 'यूनिकार्न' तथा दो लाख नवउद्यम वाली प्रणाली के साथ जोड़ कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है, जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एअरोस्पेस, मशीनरी, आटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि एवं खाद्य और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है और आज इसका स्वाभाविक तालमेल 'मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी जो अब दोनों पक्षों से मिला कर एक हजार से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्त्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्त्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति होगी। भारत का तेजी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है।

> **इटली और भारत का सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि इक्कीसवीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा बनाने का संकल्प लिया है। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और सुपर कंप्यूटर तकनीक को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग, नवाचार और नव उद्यम प्रणाली के साथ जोड़ कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं।**

भारत और इटली कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम मानते हैं, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए। डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और आसान एवं बहुभाषी तकनीकों के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकती है। तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की भारत की सोच और इटली की मानव-केंद्रित 'एल्गोर-एथिक्स' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, उस पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तीकरण का माध्यम बने। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी-7 अध्यक्षता और वर्ष 2026 में नई दिल्ली में आयोजित 'एआइ इम्पेक्ट समिट' के निष्कर्षों का मुख्य आधार है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है- यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा एवं रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा।

ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्त्वपूर्ण आधार है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है। इस संदर्भ में भारत की अगुआई वाली प्रमुख पहलों- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन और 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस' में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग बेहद महत्त्वपूर्ण है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों- हिंद-प्रशांत और भूमध्यसागर के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, हम एक नए 'भारत-भूमध्यसागरीय' क्षेत्र को उभरते हुए देख रहे हैं, जो व्यापार, तकनीक, ऊर्जा, डेटा और विचारों का एक महत्त्वपूर्ण गलियारा बन रहा है।

इस क्षेत्र में हमारा संबंध एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित होता है- ऐसी साझेदारी, जो दो महाद्वीपों को जोड़ती है और नई वैश्विक परिस्थितियों को आकार देती है। हम अपनी साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जिसे हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात 'पूरी दुनिया एक परिवार है' का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री तथा इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष हैं।)

श्रम की गरिमा

रितुप्रिया शर्मा

श्रम का भले ही कोई भी रूप हो, यह वाकई सम्मानजनक है। टालस्टाय ने भी अपनी प्रसिद्ध रचना 'वाट डैन मस्ट वी डू' में समाज के ढांचे में मौजूद आर्थिक असमानता और शोषण की तीखी आलोचना की है। उनका मानना था कि जो व्यक्ति बिना श्रम के दूसरों के श्रम पर निर्भर रहता है, वह नैतिक रूप से कमजोर होता है। टालस्टाय के विचार श्रम की महिमा को और बढ़ाते हैं। मगर इस आधुनिक युग में लोग श्रम को अधिक महत्त्व न देते हुए व्यक्ति के भौतिक रूप से सफल होने को ज्यादा महत्त्व देते हैं। जो व्यक्ति शारीरिक श्रम करके पैसा कमा रहा है, उसके प्रति समाज की मानसिकता यही होती है कि वह एक साधारण आदमी है। आमतौर पर उसके श्रम को सम्मानजनक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाता। जबकि ऐसे लगभग सभी काम या काम की श्रेणी ऐसी है, जिसके बिना समाज का काम न चले। सवाल है कि जिस काम के बिना हमारा जीवन सहज न रह पाए या कई मुश्किलें सामने खड़ी हो जाएं, उन कार्यों का सम्मान न करना क्या हमारी संवेदनशीलता को कठघरे में खड़ा नहीं करता।

समाज के लिए सभी कार्य आवश्यक रूप से जरूरी हैं, चाहे वह सफाईकर्मी का कार्य हो या फिर खेत में अनाज उगाना, विद्यालय में पढ़ाना हो या समाज सेवा करना। प्रत्येक कार्य का अपना एक समान महत्त्व है और उसे उच्च और निम्न दृष्टि से देखना उचित नहीं है। आज तकनीक ने जीवन को बहुत ही सहज बना दिया है और इसी वजह से मनुष्य का श्रम से दूर होना स्वाभाविक है। अब लोग अधिक मेहनत करने से बचने लगे हैं। श्रम और श्रमिक के प्रति जो आदर भाव था, वह समाज में कहीं खो गया है।

लोग सब कुछ पा लेने की होड़ में लगे हैं और सब कुछ पाने के लिए ही श्रम करना चाहते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करना अब उन्हें बेकार लगने लगा है। मानव सभ्यता के विकास में श्रम का इतिहास छिपा है और जिस मानव सभ्यता को आज इस विकसित रूप में हम देख रहे हैं, वह इसी श्रम की महिमा है। श्रम में ही समाज की आर्थिक प्रगति छिपी है। अगर एक शिक्षक परिश्रम करके बच्चों को न पढ़ाए, तो क्या विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ सकता है? एक चिकित्सक अगर रोगियों की सेवा न करे, तो क्या रोगी अपनी बीमारी से निजात पा सकता है?

सभी कार्यों के पीछे श्रम ही निहित है, जो हमें न केवल आत्मनिर्भरता प्रदान करता है, बल्कि जीवन के गतिमान होने का द्योतक भी है। श्रम को सिर्फ जीविका अर्जित करने का माध्यम समझना श्रम की गरिमा को कम करना है। समाज में किसी भी व्यक्ति का श्रम ज्यादा या कम नहीं होता, बल्कि छोटे से छोटा कार्य करने वाले व्यक्ति का भी श्रम उसी व्यक्ति के श्रम की तरह उपयोगी होता है, जो कथित तौर पर बड़े रूप में कार्य कर रहा है। किसी को कमतर करके आंकना श्रम के महत्त्व को उपेक्षित करने के बराबर है। महात्मा गांधी का भी मानना था कि हर व्यक्ति को अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए कुछ न कुछ शारीरिक श्रम अवश्य करना चाहिए। गांधी चरखा कातने को केवल स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक नहीं मानते थे, बल्कि इसे वे श्रम की प्रतिष्ठा को जोड़ते थे। उनका यही मानना था कि सभी कार्य समान रूप से सम्माननीय होते हैं, चाहे वह खेती करना हो, सफाई करना हो या फिर कपड़े बुनना। सभी विचारक यह मानते हैं कि श्रम करने में कोई बुराई नहीं है।

श्रम करना एक सम्माननीय कार्य है और इसी नाते हमें श्रमिकों का बहुत सम्मान करना चाहिए। श्रम व्यक्ति को मेहनती बनाता है और उसे अनुशासन की सीख देता है। वास्तविक जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है, जो कि अपने संघर्षों के दौरान श्रम करना सीखता है। बड़े से बड़े वैज्ञानिक, नेताओं और कलाकारों की सफलता के पीछे उनका कठोर परिश्रम छिपा है। आज का युग थोड़ा अलग हो गया है। मशीनों ने श्रम का स्थान ले लिया है। श्रम के स्वरूप में भी बदलाव आया है। इन सब विकसित मशीनों के कारण यह अंतिम तौर पर नहीं माना जा सकता है कि श्रम का महत्त्व कम हो गया है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने मनुष्य का स्थान लिया है या ले रही है, लेकिन मनुष्य जैसी सृजनात्मक सोच, काम से जुड़ाव और मानवीय मूल्यों को कार्य के साथ जोड़ना मशीन का कार्य नहीं है, बल्कि यह अंतिम तौर पर मनुष्य का ही कार्य हैं। आज बुद्धिमत्ता ने भले ही काम की गति को बढ़ा दिया है, लेकिन यह तकनीक मनुष्य के समान भाव में कार्य करना कभी भी नहीं सीख सकती, क्योंकि मनुष्य एक संवेदनशील प्राणी है और उसकी संवेदनशीलता, कुशलता और सृजनात्मकता का अपना मूल्य है।

इसलिए हमें चाहिए कि हम श्रम और श्रमिक दोनों का सम्मान करें। मनुष्य मशीनों पर अपनी निर्भरता को कम करे, श्रम को मानव विकास का साधन समझे और परिश्रमी बने। श्रम ही मानव जीवन और मानव के कल्याण का एक रास्ता है, जिसे हम तभी प्राप्त कर सकते हैं, जब हम श्रम और श्रमिकों के प्रति सच्ची भावना रखेंगे। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम परिश्रम करें और अपने बच्चों को भी परिश्रमी ही बनाना सिखाएं। जो देश परिश्रम करना जानते हैं, वही मानव सभ्यता में आगे बढ़ सके हैं और उन्होंने ही विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में आए, तो हम सभी नागरिकों को परिश्रम करना सीखना होगा और श्रम की महिमा को जरूरी महत्त्व देना होगा।

दुनिया मेरे आगे

> **यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि श्रम को सिर्फ जीविका अर्जित करने का माध्यम समझना उसकी गरिमा को कम करना है। छोटे से छोटा कार्य करने वाले व्यक्ति का श्रम भी उसी व्यक्ति के श्रम की तरह उपयोगी होता है, जो कथित तौर पर बड़े रूप में कार्य कर रहा है। किसी को कमतर करके आंकना श्रम के महत्त्व को उपेक्षित करने के बराबर है।**

शुचिता पर सवाल

परीक्षाओं की गोपनीयता दम तोड़ रही है। इसकी शुचिता पर सवाल उठ रहे हैं। विद्यार्थी सफलता की उम्मीद लगा कर परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन व्यवस्था की नाकामी और सुरक्षा में लापरवाही के कारण पेपर लीक होने की घटनाएं सुर्खियों में होती हैं। एनटीए ने पिछले दिनों नीट-यूजी 2026 के परचे लीक होने के आरोपों के बाद परीक्षा रद्द कर दी थी। नतीजा लाखों अभ्यर्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया। सवाल है कि यह व्यवस्था किस कदर लकवाग्रस्त है? अब दोबारा परीक्षा पर कई करोड़ खर्च होंगे। इसमें प्रश्नपत्रों की छपाई, सुरक्षित परिवहन, परीक्षा केंद्रों का किराया और कर्मियों का मानदेय इत्यादि शामिल होगा। मगर उन बच्चों का क्या, जो अपनी सफलता की राह देख रहे थे? अब धन और समय दोनों की फिर बर्बादी होगी। दोबारा परीक्षा से युवाओं पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है। आवास और कोचिंग पर होने वाला खर्च भी दबाव बढ़ाता है। कुछ भी हो यह घोर लापरवाही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

– योगेश जोशी, बड़वाह

आत्मनिर्भरता का पैमाना

आज देश में महंगाई पिछले करीब साढ़े तीन साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री भी यह स्वीकार कर चुके हैं कि दुनिया भर में चल रहे युद्धों का असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब हम खुद को आत्मनिर्भर और 'विश्वगुरु' कहते हैं, तो फिर मध्य पूर्व में हो रहे युद्ध का असर सीधे हमारे घरों के चूल्हे और थाली तक क्यों पहुंच रहा है? आत्मनिर्भरता का मतलब केवल बड़े-बड़े भाषण देना नहीं होता, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाना होता है, जिससे वैश्विक संकट का असर आम जनता पर कम पड़े। चीन और जापान जैसे देशों पर भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का प्रभाव पड़ता है, लेकिन वहां इसका असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है।

– मोहम्मद नैयर आजम, सीतामढ़ी

सामाजिक सहभागिता

देश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर भ्रम एवं चिंता का वातावरण बन रहा है, जबकि ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह संयम और समझदारी का परिचय दे। वर्तमान परिस्थितियों में निजी वाहनों की अपेक्षा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्राथमिकता देना समय की मांग है। बस, ट्रेन, मेट्रो और साझा आटो जैसे साधनों का अधिक उपयोग न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि यातायात और प्रदूषण की समस्या को भी कम करेगा। जिन लोगों के पास निजी वाहन हैं, वे अपने पड़ोसियों, सहकर्मियों या परिचितों के साथ वाहन साझा करने की पहल करें। कठिन समय में सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। अधिक ईंधन जमा करने की प्रवृत्ति स्थिति को और गंभीर बना सकती है। अगर हर नागरिक सहयोग करें, तो किसी भी चुनौती का सामना आसानी से किया जा सकता है।

– वरुण कुमार, जमशेदपुर

उर्वरक का संकट

होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से रसायनिक उर्वरक की कमी महसूस की जा रही है। इसलिए राज्य सरकारों को धान की फसल उगाने के लिए यूरिया के विकल्प के तौर पर अमोनियम सल्फेट का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है, जिसमें 21 फीसद नाइट्रोजन और 24 फीसद सल्फर होता है। जबकि धान की प्रति एकड़ अच्छी पैदावार के लिए लगभग साठ किलो शुद्ध नाइट्रोजन की जरूरत होती है, जो 46 फीसद वाले 130 किलो यूरिया से पूरी होती है। जबकि साठ किलो शुद्ध नाइट्रोजन के लिए 300 किलो अमोनियम सल्फेट प्रति एकड़ की जरूरत होगी, जिससे नाइट्रोजन के साथ 72 किलो सल्फर प्रति एकड भूमि को मिलेगा। इसलिए केंद्र सरकार को धान में यूरिया के विकल्प के तौर पर अमोनियम सल्फेट को उपयोग करने की सलाह पर पुनर्विचार करना चाहिए।

– वीरेंद्र सिंह लाठर, नई दिल्ली

तथ्य

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की हालिया रिपोर्ट में देश में युवा बेरोजगारी को लेकर चिंता बढ़ी है। 15-29 आयु वर्ग में बेरोजगारी दर बढ़कर करीब 15% तक पहुंच गई है। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं में बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में अधिक दर्ज की गई। रिपोर्ट में शहरों में युवाओं की बेरोजगारी गांवों की तुलना में अधिक पाई गई। बताया गया कि स्नातक और डिप्लोमा धारक युवाओं को नौकरी पाने में ज्यादा कठिनाई हो रही है। महिलाओं की कामकाजी भागीदारी बढ़ी है, लेकिन स्थायी रोजगार अभी भी कम हैं। बड़ी संख्या में युवा अस्थायी और असंगठित क्षेत्र के कामों पर निर्भर हैं।

डीयू में पीजी दाखिले शुरू, सात जून तक करें आवेदन

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के करीब 82 पीजी पाठ्यक्रमों की 13 हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 7 जून रात 11:59 बजे तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिले सीयूईटी पीजी-2026 के अंकों के आधार पर कामन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के जरिए होंगे। इस वर्ष नई शिक्षा नीति के तहत एक वर्षीय और दो वर्षीय दोनों पीजी कार्यक्रम संचालित होंगे, हालांकि फिलहाल दो वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 250 रुपए तथा एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपए तय किया गया है।

सूचनापट्ट

एबीवीएमयू जीएनएम

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय (एबीवीएमयू), लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सामान्य नर्सिंग एवं प्रसूति विद्या प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए आवेदन 29 अप्रैल से 26 मई 2026 तक किए जाएंगे। इस परीक्षा के माध्यम से सरकारी और निजी नर्सिंग संस्थानों में तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु 31 दिसंबर 2026 तक कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक भारतीय नागरिक तथा शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना आवश्यक है। सरकारी सीटों के लिए उत्तर प्रदेश का निवासी होना या 10वीं और 12वीं की पढ़ाई राज्य से पूरी होना जरूरी है। शैक्षणिक योग्यता में 10 2 उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें अंग्रेजी विषय शामिल हो तथा न्यूनतम 40 फीसद अंक आवश्यक हैं, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को 5 फीसद की छूट दी गई है। परीक्षा में कुल 100 प्रश्न होंगे।

अंतिम तिथि : 26 मई, 2026

डीआरडीओ

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने अंतिम वर्ष के यूजी और पीजी छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप की घोषणा की है। यह इंटर्नशिप बंगलुरु स्थित डिफेंस बायोइंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रोमेडिकल लैबोरेटरी में आयोजित होगी। इंजीनियरिंग और विज्ञान वर्ग के वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अंतिम वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। प्रशिक्षण की अवधि छह महीने होगी और चयनित छात्रों को रक्षा अनुसंधान तथा बायोमेडिकल तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह पूरी तरह आफलाइन इंटर्नशिप होगी, जिसमें छात्रों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। संस्था के अनुसार बायोमेट्रिक उपस्थिति भी लागू होगी। इंटर्नशिप के दौरान कुल 30 हजार रुपए स्टाइपेंड दिया जाएगा। पहले तीन महीने पूरे होने पर 15 हजार रुपए और छह महीने पूरे करने पर अतिरिक्त 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। तीन महीने से पहले इंटर्नशिप छोड़ने पर कोई स्टाइपेंड या प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा। आवेदन प्रक्रिया 12 मई 2026 से शुरू हो चुकी है और अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। संभावित रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूचना 18 जून को जारी होगी, जबकि इंटर्नशिप एक जुलाई 2026 से शुरू हो सकती है।

अंतिम तिथि : 31 मई, 2026

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा पीजीएटी 2026-27 के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 5 मई 2026 से शुरू हो चुकी है, जो 25 मई 2026 तक चलेगी। आवेदन शुल्क भी 25 मई 2026 तक आनलाइन जमा किया जा सकता है। पीजीएटी प्रथम पाठ्यक्रमों में एलएलबी, एमकाम और एलएलएम शामिल हैं, जिनकी कुल 4203 सीटें विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग हेतु आवेदन शुल्क 1000 रुपए तथा एससी/एसटी वर्ग हेतु 500 रुपए निर्धारित है। पीजीएटी द्वितीय में बीएड, एमएड, एमबीए (आरडी) सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैसे एमसीए, एमएससी फूड टेक्नोलाजी, एमवाक मीडिया स्टडीज एवं पीजीडीसीए शामिल हैं, जिनकी कुल 5264 सीटें संबद्ध महाविद्यालयों में उपलब्ध हैं। इनके लिए सामान्य वर्ग हेतु 1600 रुपयेएतथा एससी/एसटी वर्ग हेतु 800 रुपए शुल्क निर्धारित है।

अंतिम तिथि : 25 मई, 2026

रेलवे

रेलवे भर्ती बोर्ड ने सहायक लोको पायलट भर्ती 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 14 जून 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 11,127 रिक्त पद भरे जाएंगे। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 जून तय की गई है, जबकि आवेदन में संशोधन के लिए 17 जून से 26 जून 2026 तक सुधार विंडो खुली रहेगी। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है। वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 250 रुपए शुल्क देना होगा। भर्ती प्रक्रिया में पहले कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-1) होगी, इसके बाद सीबीटी-2 आयोजित की जाएगी। सफल अभ्यर्थियों को योग्यता परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा। रिक्तियों में 4860 पद अनारक्षित, 2598 ओबीसी, 1746 एससी, 919 एसटी और 1004 ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित हैं।

अंतिम तिथि : 14 जून, 2026

आपूर्ति शृंखला और माल परिवहन

बदलती अर्थव्यवस्था में अवसरों का नया केंद्र

विशेषज्ञ की कलम से

आज का दौर तेजी, सुविधा और तकनीक का दौर है। लोग घर बैठे सामान मंगाना चाहते हैं और कंपनियां चाहती हैं कि हर वस्तु सही समय पर ग्राहक तक पहुंचे। यही कारण है कि आपूर्ति शृंखला और माल परिवहन का क्षेत्र तेजी से देश की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। भारत जिस गति से विनिर्माण और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा आधार बनने वाला है।

जब कोई वस्तु कारखाने में तैयार होती है, तब उसे ग्राहक तक पहुंचाने के लिए कई चरणों से गुजरना पड़ता है। कच्चे माल की खरीद, भंडारण, पैकिंग, परिवहन और समय पर वितरण, इन सभी कार्यों को मिलाकर सप्लाई शृंखला कहा जाता है। वहीं माल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने की व्यवस्था माल परिवहन कहलाती है। आज यह व्यवस्था केवल ट्रकों और गोदामों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें आधुनिक तकनीक, आंकड़ों का विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई व्यवस्थाएं भी जुड़ चुकी हैं।

> बारहवीं के बाद डिप्लोमा या प्रबंधन से जुड़े पाठ्यक्रम कर सकते हैं। स्नातक के बाद विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और उच्च अध्ययन के अवसर भी उपलब्ध हैं।

भारत सरकार की 'पीएम गति शक्ति' योजना और राष्ट्रीय माल परिवहन नीति ने इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। देश में सड़क, रेल, जल और हवाई मार्गों को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे व्यापार और परिवहन की गति तेज हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में भारत का माल परिवहन बाजार दुनिया के सबसे बड़े क्षेत्रों में शामिल हो सकता है। इसका सीधा लाभ युवाओं को रोजगार और बेहतर वेतन के रूप में मिलेगा।

इस क्षेत्र में काम के कई अलग-अलग हिस्से होते हैं। सही मूल्य पर सामान खरीदना, गोदाम में वस्तुओं का हिसाब रखना, समय पर वितरण सुनिश्चित करना और परिवहन व्यवस्था को नियंत्रित करना सभी जिम्मेदारियां अलग-अलग पदों पर निभाई जाती हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधकीय दोनों प्रकार के युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। बारहवीं के बाद विद्यार्थी इस क्षेत्र में डिप्लोमा या प्रबंधन से जुड़े पाठ्यक्रम कर सकते हैं।

स्नातक के बाद विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और उच्च अध्ययन के अवसर भी उपलब्ध हैं। देश के कई बड़े संस्थान अब सप्लाई शृंखला और माल परिवहन प्रबंधन से जुड़े विशेष पाठ्यक्रम चला रहे हैं। सरकार द्वारा स्थापित गति शक्ति विश्वविद्यालय भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अविनाश चंद्रा, *करिअर परामर्शदाता*

विशेष कौशल भी जरूरी

सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि कुछ विशेष कौशल भी इस क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं। आंकड़ों को समझने की क्षमता, कंप्यूटर आधारित प्रणालियों की जानकारी, समस्या आने पर तुरंत निर्णय लेने की योग्यता और बेहतर संवाद शैली आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। आने वाले समय में ड्रोन, स्वचालित मशीनें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस क्षेत्र को और अधिक आधुनिक बनाने वाली हैं।

वेतन

वेतन की बात करें तो शुरुआती स्तर पर भी युवाओं को अच्छे अवसर मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सप्लाई शृंखला विश्लेषक को शुरुआती दौर में सालाना साढ़े तीन लाख से छह लाख रुपये तक वेतन मिल सकता है, जो पांच से सात वर्ष के अनुभव के बाद 12 से 18 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। वहीं माल परिवहन प्रबंधक को शुरुआती स्तर पर चार से आठ लाख रुपये और अनुभव के बाद 15 से 25 लाख रुपए तक वार्षिक वेतन मिल रहा है।

जानें-सीखें

अब आधे घंटे पहले बदलें स्टेशन

भारतीय रेलवे को देश की जीवनरेखा कहा जाता है। हर दिन करोड़ों लोग रेल यात्रा के जरिए अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। यात्रा के दौरान कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जब यात्री को अचानक अपना चढ़ने वाला स्टेशन बदलने की जरूरत पड़ती है। पहले यह काम काफी मुश्किल माना जाता था, क्योंकि रेलवे के पुराने नियम के अनुसार यात्रियों को ट्रेन छूटने से चार घंटे पहले तक ही बोर्डिंग स्टेशन बदलने की अनुमति थी। लेकिन अब रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए इस नियम में अहम बदलाव किया है।

रेलवे द्वारा 1 अप्रैल 2026 से लागू किए गए नए नियम के तहत यात्री अब ट्रेन के निर्धारित समय से केवल 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग प्वाइंट बदल सकते हैं। नियम लागू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज भी अधिकांश यात्रियों को इसकी जानकारी नहीं है। यही कारण है कि कई लोग अंतिम समय में स्टेशन बदलने की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाते।

इस नए नियम का सबसे बड़ा फायदा उन यात्रियों को मिलेगा, जिनकी यात्रा योजना अचानक बदल जाती है। कई बार जाम, कार्यालय के काम, पारिवारिक कारण या किसी अन्य परेशानी के कारण यात्री अपने मूल स्टेशन तक समय पर नहीं पहुंच पाते। ऐसे में अब वे रास्ते में पड़ने वाले दूसरे स्टेशन को अपना नया बोर्डिंग प्वाइंट बना सकते हैं। इससे टिकट रद्द कराने या सीट छूटने की परेशानी नहीं होगी।

यात्री यह सुविधा रेलवे की आनलाइन सेवा के जरिए भी आसानी से ले सकते हैं। इसके लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल अनुप्रयोग पर जाकर 'बुक टिकट हिस्ट्री' में बदलाव करना होता है। काउंटर टिकट वाले यात्री नजदीकी आरक्षण केंद्र में लिखित आवेदन देकर भी स्टेशन बदलवा सकते हैं। रेलवे के अनुसार, बदलाव के बाद सीट सुरक्षित रहती है और टीटीई उसे किसी दूसरे यात्री को आवंटित नहीं कर सकता।

हालांकि इस सुविधा के साथ कुछ जरूरी शर्तें भी जुड़ी हैं। यात्री केवल एक बार ही बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं। इसके अलावा यदि नया स्टेशन मूल स्टेशन से आगे का है, तो किराए का अंतर वापस नहीं मिलेगा। एक बार बदलाव के बाद पुराने स्टेशन से यात्रा करना भी मान्य नहीं होगा।

यात्रियों के लिए जरूरी बातें

- ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक बदल सकते हैं स्टेशन
- आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यमों से सुविधा उपलब्ध
- सीट पूरी तरह सुरक्षित रहेगी
- बोर्डिंग प्वाइंट केवल एक बार बदला जा सकता है
- बदलाव के बाद नया टिकट या संदेश सुरक्षित रखें

युवा शक्ति डेस्क

निगरानी

बीकानेर में एक केंद्र पर बुधवार को स्कूल शिक्षक भर्ती परीक्षा से पहले सुरक्षा जांच कराते अभ्यर्थी।

गर्मी की छुट्टियां : सीखने, निखरने व आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर

परामर्श

गर्मी की छुट्टियां केवल आराम और मनोरंजन का समय नहीं होतीं, बल्कि यह स्वयं को बेहतर बनाने और नई क्षमताएं विकसित करने का सुनहरा अवसर भी होती हैं। अक्सर विद्यार्थी छुट्टियों में अपना अधिकांश समय मोबाइल, दूरदर्शन और बिना योजना के इधर-उधर बिताने में गंवा देते हैं। यदि यही समय सही दिशा में लगाया जाए, तो यह भविष्य को मजबूत बनाने में बहुत सहायक साबित हो सकता है।

छुट्टियों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इस दौरान समय का दबाव कम होता है। विद्यार्थी अपनी रुचियों और शौकों को पूरा करने के लिए खुलकर समय निकाल सकते हैं। कोई संगीत सीख सकता है, चित्रकला में हाथ आजमा सकता है, नई भाषा सीख सकता है या लेखन की शुरुआत कर सकता है। नई चीजें सीखने से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व में निखार आता है। यही छोटी-छोटी सीख आगे चलकर बड़ी सफलता का आधार बनती हैं। यात्राएं भी सीखने का महत्त्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों और स्मारकों की सैर करने से इतिहास और संस्कृति को करीब से समझने का अवसर मिलता है। नई जगहों के रहन-सहन, खान-पान और परंपराओं को जानकर युवाओं का दृष्टिकोण व्यापक होता है और उनमें विविधता के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। इसके साथ ही छुट्टियों में स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। खेलकूद, योग, तैराकी और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां शरीर को स्वस्थ और मन को प्रसन्न रखती हैं। रोज कुछ समय डायरी लिखने या पुस्तक पढ़ने में बिताना भी लाभकारी होता है। अच्छी किताबें ज्ञान बढ़ाने के साथ सोचने और समझने की क्षमता को मजबूत करती हैं।

सीबीएसई : असंतुष्ट विद्यार्थियों को दोबारा जांच का अवसर

जरूरी जानकारी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा 2026 का परिणाम जारी होने के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने अंकों को लेकर असंतोष जताया है। विशेष रूप से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित जैसे विषयों में अपेक्षा से कम अंक मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। इसे देखते हुए बोर्ड ने विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच और पुनर्मूल्यांकन का अवसर देने की घोषणा की है। बोर्ड ने बताया कि मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार आन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की गई, जिससे गोपनीयता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।

बोर्ड के अनुसार, जिन विद्यार्थियों को अपने अंकों पर संदेह है, वे पहले चरण में अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए आवेदन 19 मई से 22 मई 2026 तक किए जा सकेंगे। सचिव संजय कुमार ने बताया कि अब किसी छात्र से उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 100 रुपए शुल्क लिया जाएगा, उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन के लिए 100 रुपए और किसी विशेष प्रश्न के उत्तर की पुनः जांच के लिए 25 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच प्रक्रिया में छात्र के अंक बढ़ते हैं या संशोधित होते हैं, तो उससे लिया गया पूरा शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

> पुनर्मूल्यांकन के बाद जारी परिणाम ही अंतिम माना जाएगा। अंक बढ़ने या घटने दोनों स्थितियों में संशोधित अंकपत्र जारी होगा।

इस प्रक्रिया के पहले चरण में प्रति विषय उत्तर पुस्तिका की स्कैन की गई कापी प्राप्त करने के लिए 700 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया था। इसके बाद दूसरे चरण में त्रुटि सत्यापन के लिए 500 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका और पुनर्मूल्यांकन के लिए 100 रुपए प्रति प्रश्न शुल्क निर्धारित किया गया था।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सभी आवेदन केवल आनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। अधूरे अथवा निर्धारित समय सीमा के बाद भेजे गए आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। पुनर्मूल्यांकन के बाद जारी परिणाम ही अंतिम माना जाएगा। अंक बढ़ने या घटने दोनों स्थितियों में संशोधित अंकपत्र जारी होगा। बोर्ड ने कहा कि निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

डीटीयू में बीए, एमए व एमबीए के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए (आनर्स) अर्थशास्त्र, एमए अर्थशास्त्र और एमबीए एग्जीक्यूटिव कार्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीए (आनर्स) इकोनामिक्स कार्यक्रम में कुल 182 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 85 फीसद सीटें दिल्ली के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 13 जुलाई तय की गई है।

पहले चरण की काउंसलिंग सूची 16 जुलाई को जारी होगी, जबकि काउंसलिंग प्रक्रिया 24 जुलाई से शुरू होगी। दूसरे चरण की घोषणा चार अगस्त को होगी और इसकी काउंसलिंग 11 अगस्त से शुरू होगी। स्पाट राउंड भी 11 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। स्पेशल स्पाट राउंड की घोषणा बाद में की जाएगी। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों के पास सीयूईटी यूजी-2026 का वैध स्कोरकार्ड होना जरूरी है। एमए इकोनामिक्स कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। पहले चरण की काउंसलिंग की घोषणा 30 जून को होगी और प्रक्रिया सात जुलाई से शुरू होगी। दूसरे चरण और स्पाट राउंड की घोषणा 17 जुलाई को होगी काउंसलिंग 28 जुलाई से शुरू होगी। विवि में एमबीए एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उम्मीदवार 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे।

Your Time Is Most Valuable Thing
I will not let you down 🙏

I GIVE YOU MY GUARANTEE, THIS CHANNEL IS WORTH IT.

📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard
+All Editorial PDFs

Upload Starts From 5AM

🎈Access to all this In Private channel [lifetime Access]

Click below to

Join

📚International Newspapers Channel

📚 Magazine Channel (National & International)